मंत्रिमंडल द्वारा वर्ष 2000 में अनुमोदित पत्तन सड़क संपर्क कार्यक्रम के तहत जनेप प्राधिकरण के लिए 4 लेन के सड़क संपर्क का निर्माण करने का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा पूरा किया गया था, जिसे चरण-I की परियोजना के रूप में जाना जाता है । चरण-I के दौरान, वर्ष 2000 में मुंबई-जेएनपीए पोर्ट रोड कंपनी लिमिटेड (विशेष उद्देश्य कंपनी) का गठन किया गया था जिसके तीन हितधारक थे यथा i) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ii) जेएनपीए तथा iii) सिडको । मुंबई-जेएनपीए पोर्ट रोड कंपनी (एमजेपीआरसीएल) ने मुंबई-जेएनपीए पत्तन सड़क संपर्क को 4 पैकेजों में 6/8 लेन का बनाने की परियोजना का कार्य हाथ में लिया है । उपर्युक्त सभी 4 पैकेजों का कार्य जुलाई, 2021 में पूरा हो चुका है । इस परियोजना की कुल लागत रु. 3189.39 करोड़ है।

ii) केंद्रीय पार्किंग प्लाज़ा :

केंद्रीय पार्किंग प्लाजा के निर्माण का कार्य रु. 163 करोड़ की लागत पर पूरा किया जा चुका है । पत्तन ने प्लाजा के प्रचालन और अनुरक्षण के लिए एक एजेंसी नियुक्त की है और अब इस परियोजना से रायल्टी प्राप्त हो रही है।

iii) पत्तन की आंतरिक सड़कों का कंक्रीटीकरण :

यातायात के सुचारू आवागमन के लिए पत्तन की आंतरिक सड़कों का कंक्रीटीकरण किया गया है । इस परियोजना की कुल लागत रु. 210.98 करोड़ है।

iv) वर्तमान कंटेनर सड़क को चौड़ा बनाना

मौजूदा कंटेनर रोड को 'वाई' जंक्शन के पूर्व दिशा की ओर उत्तरी गेट परिसर तक चौड़ा बनाना (निकास मार्ग) : इस परियोजना की लागत 98.24 करोड़ है । वन विभाग की अनुमति मिलने के बाद कार्य आरंभ हुआ और सितम्बर, 2023 में पूर्ण हो गया ।

3. पत्तनों का आधुनिकीकरण :-

(क) पत्तन आधारित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईज़ेड) का विकास :-

'मेक इन इंडिया' अभियान को सफल बनाने के लिए ज ने पत्तन 277.38 हेक्टेयर के कुल क्षेत्र में पत्तन आधारित विशेष आर्थिक क्षेत्र विकसित कर रहा है । मूलभूत सुविधाओं का विकास करने के लिए रु.476 करोड़ की लागत पर अभियांत्रिकी, प्रापण तथा निर्माण आधारित ठेका दि. 06.10.2016 को सौंपा गया था और कार्य जून, 2021 में पूर्ण हो गया । अब तक 45 भूखंड (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए 43 भूखंड और मुक्त व्यापार एवं भंडारण क्षेत्र के लिए 02 भूखंड) आबंटित किए जा चुके हैं । विशेष आर्थिक क्षेत्र जून, 2021 से प्रचालनीय है।

(ख) वाढवन पत्तन तथा शुष्क (ड्राय) पत्तनों का विकास :-

भारतीय अर्थव्यवस्था में औद्योगिक तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए, ज ने पत्तन ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में वाढवन में एक पत्तन विकसित करने की योजना बनाई है । इसे जनेप प्राधिकरण और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड की क्रमशः 74% और 26% हिस्सेदारी से विकसित करने का प्रस्ताव है । इस संबंध में भारत सरकार का सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त हो गया है । पर्यावरण संबंधी अनुमति हेतु अनुमोदित संदर्भ की शर्तों के अनुपालन में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा निर्देशित कार्य स्थल-अध्ययन/ सर्वेक्षण पूरे कर लिए गए हैं । विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और विस्तृत अभियांत्रिकी पूरी हो चुकी है । जनेप प्राधिकरण ने 31 मार्च, 2024 तक वाढवण पत्तन परियोजना लिमिटेड पर कुल रु. 65.46 करोड़ का व्यय किया है जो पत्तन के लेखों में 'प्रगति पर कार्य' के रूप में दिखाया गया है । पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय का अनुमोदन मिलने और परियोजना का वाणिज्यिक प्रचालन आरंभ होने पर व्यय को वाढवण पत्तन परियोजना लि. के लेखों में अंतरित किया जाएगा । परियोजना के लिए पर्यावरण संबंधी अनुमति प्राप्त हो गई है । प्रस्ताव पर पीआईबी द्वारा संस्तुत निवेश तथा केन्द्रीय मंत्रिमंडल का अनुमोदन प्रतीक्षित है ।

(ग) पूंजी निकर्षण :

पत्तन ने 31 मार्च, 2024 तक पूंजी निकर्षण पर रु. 1702.75 करोड़ का व्यय किया था जिसे चालू पूंजीकृत कार्य के तहत प्रतिधारित किया गया है । यह विषय मध्यस्थता के अधीन है और उसका निर्णय आने तथा समापन प्रमाणपत्र मिलने के बाद व्यय का पूंजीकरण किया जाएगा।

4. मुंबई-जने पत्तन सड़क कंपनी लि. (एमजेपीआरसीएल) को आगे उधार देने के लिए विदेशी वाणिज्यिक ऋण

जनेप प्राधिकरण ने मुंबई-जने पत्तन सड़क कंपनी लि., जो जवाहरलाल नेहरू पत्तन से संम्बद्ध सड़कों को चौड़ा करने की सड़क-सम्पर्क परियोजना की एक विशेष उद्देश्य कंपनी है, को देने के लिए 400 मिलियन अमरीकी डालर का विदेशी वाणिज्यिक ऋण लिया है । मुंबई जनेप न्यास सड़क कंपनी लिमिटेड में जनेप प्राधिकरण की 51 प्रतिशत प्रदत्त (पेड अप) इक्विटि शेअर पूंजी है ।

विदेशी वाणिज्यिक ऋण दो भागों में अर्थात भारतीय स्टेट बैंक, हाँगकाँग से 350 मिलियन अमरिकी डालर और डीबीएस बैंक-सिंगापुर से 50 मिलियन अमरिकी डालर 6 माह की परिवर्तनीय ब्याज दर + विस्तार पर लिया गया है।

जेएनपीए ने सभी 8 ड्रॉडाउन के माध्यम से कुल 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि प्राप्त की है, जो 2633.80 करोड़ भारतीय रुपये के बराबर है, इस राशि को एमजेपीआरसीएल को उधार दिया गया है।

400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अवधिक लोन सुविधा करार के अनुसार, सितंबर 2023 और मार्च 2024 में क्रमशः 26.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 180.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर का मूलधन चुकाया गया (बुलेट भुगतान)। करार के अनुसार, 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अवधिक लोन सुविधा करार का पूरा भुगतान 28 मार्च 2024 को किया गया।

जेएनपीए को मूलधन चुकाने के लिए 30/03/2024 को एमजेपीआरसीएल से 2300 करोड़ रुपये मिले . मूलधन चुकाने के लिए अब तक प्राप्त कुल राशि 2652.91 करोड़ रुपये हो गई है (वित्त वर्ष 19-20 में 352.91 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे)। विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव से संबंधित अंतर की राशि एमजेपीआरसीएल से प्राप्त होगी।

5. भारतीय निकर्षण निगम लिमिटेड में 18 प्रतिशत प्रदत्त (पेड अप) इक्विटि शेयर पूँजी

पोत परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार ने 'भारतीय निकर्षण निगम लिमिटेड का रणनीतिक विनिवेश" विषय पर दिनांक 19 दिसंबर, 2018 के अपने पत्र द्वारा भारतीय निकर्षण निगम लिमिटेड में भारत सरकार के 100% शेयरों का चार महापत्तनों के संघ यथा-विशाखापट्टनम पत्तन प्राधिकरण (संघ प्रमुख), पारादीप पत्तन प्राधिकरण, जनेप प्राधिकरण और कांडला पत्तन न्यास (अब दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण) के पक्ष में रणनीतिक विनिवेश के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

तदनुसार, जनेप प्राधिकरण ने भारत सरकार से रु. 510/- प्रति शेयर की दर से 257,04,51,510/- रूपए का निवेश कर के भारतीय निकर्षण निगम लिमिटेड के 18 प्रतिशत (50,40,101 शेअरों) का अर्जन किया । जनेप प्राधिकरण के अध्यक्ष को भारतीय निकर्षण निगम के मण्डल में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है । भारतीय निकर्षण निगम लिमिटेड में निवेश का बाजार मूल्य दिनांक 31.03.2024 को रु. 339,22,39,978.05/- है।

6. शुष्क पत्तन (ड्राय पोर्ट)

क) वर्धा में शुष्क पत्तन :

जेएनपीए और एनएचएलएमएल के बीच 22/10/2021 के समझौता ज्ञापन के अनुसार, परिभारिकी (लॉजिस्टिक्स) की दक्षता में सुधार करने और माल के संचलन सम्बंधी परिभारिकी लागत को कम करने के लिए नागपुर के पास सिंदी में एक मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (एमएमएलपी) स्थापित करने हेतु एक विशेष उद्देश्य साधन (एसपीवी) का गठन किया गया है ।

समझौता ज्ञापन के खंड संख्या 4.1. सी के अनुसार, जेएनपीटी द्वारा चारदीवारी के विकास, रेल संपर्क के विकास (रेल संपर्क के लिए आवश्यक भूमि की लागत सहित) और कुल लगभग 126.83 करोड़ रुपये की राशि के अन्य परामर्श प्रभार के संबंध में वहन की गई लागत एसपीवी में जेएनपीटी के इक्विटी योगदान का हिस्सा होगी । जेएनपीए ने अब तक इस परियोजना में 137.76 करोड़ रुपये खर्च किए हैं ।

कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी केवल 5,00,000 रुपये है, जो 10 रुपये प्रत्येक के 50,000 इक्विटी शेयरों में विभाजित है । जेएनपीए और एनएचएलएमएल द्वारा प्रारंभिक योगदान के आधार पर, शेयरधारिता का प्रतिशत 66.50% (एनएचएलएमएल) और 33.50% (जेएनपीए) बनता है । तदनुसार, जेएनपीए को धारा 4 (1 ई) के अनुसार एसपीवी के 50,000 शेयरों में से 16,750 इक्विटी शेयर पूंजी आबंटित की गई है । योगदान के आधार पर शेयरधारिता के प्रतिशत में कोई भी परिवर्तन एक शेयरधारक से दूसरे शेयरधारक को शेयर हस्तांतरित करके लागू किया जा सकता है ।

इस पृष्ठभूमि में, जेएनपीए ने वर्धा परियोजना पर होने वाली लागत के प्रमाणीकरण के लिए सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउंटेंट्स) की एक फर्म नियुक्त की है, जिसके आधार पर एसपीवी से जेएनपीए को शेयर जारी करने के लिए अपनी ओर से प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध किया जाएगा ।

ख) ड्राई पोर्ट जालना-

जेएनपीए और एनएचएलएमएल के बीच हुये समझौता ज्ञापन के अनुसार, जालना का विकास किया जा रहा है । मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (एमएमएलपी) के लिए संचालक (ऑपरेटर) का चयन एनएचएलएमएल द्वारा किया जाएगा।

7. आयकर संबंधी मामले

वर्ष के दौरान, निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए आयकर विवरणी निर्धारित तिथि के अंदर फाइल कर दी गई है ।

विभिन्न वर्षों के लिए आयकर निर्धारण की स्थिति संक्षिप्त रूप से नीचे दी गई है :

निर्धारण वर्ष	विवरण
निर्धारण वर्ष 2003-04 से निर्धारण वर्ष 2005-06	माननीय आयकर अपील अधिकरण, मुंम्बई ने दिनांक 30/09/2010 के आदेश द्वारा निर्धारण अधिकारी को धारा 12 एए के तहत पंजीकरण के परिणामस्वरूप कर में छूट की पात्रता का गुणों के आधार पर परीक्षण करने का निदेश दिया था । तथापि, निर्धारण अधिकारी ने माननीय आयकर अपील अधिकरण द्वारा जारी निदेशों पर ध्यान न देते हुए नए सिरे से निर्धारण किया । जनेप प्राधिकरण ने उक्त आदेश के विरुध्द आयकर आयुक्त (अपील), ठाणे के पास अपील दायर की थी । मामले के जल्दी निपटान के लिए मुख्य आयकर आयुक्त, ठाणे के पास जल्द सुनवाई याचिका भी दायर की गई थी । उसके बाद मामले को, विशेष रूप से पिछले निर्धारण वर्षों की सुनवाई के लिए आयकर आयुक्त (अपील), औरंगाबाद के पास स्थानांतरित कर दिया गया । आयकर आयुक्त (अपील) ने दि. 21.12.2015 को धारा 12एए के तहत पंजीकरण के परिणाम स्वरूप पत्तन को धारा 11 के तहत कर में छूट देने संबंधी आदेश जारी किया । आयकर आयुक्त (अपील) के आदेशों, जिनके कारण पत्तन को काफी राशि वापिस मिल सकती थी; को प्रभावी बनाने के लिए विभागीय आयकर आयुक्त, पनवेल के पास इस मामले के संबंध में नियमित अनुसरण किया गया था । लेकिन विभागीय आयकर आयुक्त, पनवेल ने पत्तन का मामला अचानक ही विभागीय आयकर आयुक्त (छूट), पुणे के पास स्थानांतरित कर दिया और पत्तन को इस स्थानांतरण के विरुद्ध अपनी बात रखने का अवसर भी नहीं दिया । इससे व्यथित होकर पत्तन ने माननीय मुंबई उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की थी जो 06/05/2016 को पहली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुई । मामले पर सुनवाई हुई तथा इसे 15/6/2016 तक स्थगित कर दिया गया। इस मामले में बाद में सुनवाईयां हुईं तथा आयकर विभाग द्वारा यह दावा करते हुए शपथ पत्र दायर किया गया कि केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा पुणे में आयकर आयुक्त (छूट) का नया कार्यालय खोले जाने के कारण मामले का स्थानांतरण किया गया था । वे इस बात के लिए भी सहमत थे कि रिट याचिका पर निर्णय होने के तुरंत बाद आयकर आयुक्त, (अपील) औरंगाबाद के आदेश को प्रभावी किया जाएगा। तदनुसार, पत्तन ने

निर्धारण वर्ष	विवरण
निर्धारण वर्ष 2003-04 से निर्धारण वर्ष 2005-06	अपनी रिट याचिका वापस ले ली । आयकर आयुक्त (छूट), पुणे ने आदेश पारित किया तथा जनेप प्राधिकरण को अक्तूबर, 2016 में रु. 313.40 करोड़ राशि वापस कर दी । कुछ मुद्दों पर निर्णय लेने की आवश्यकता थी इसलिए आयकर अपील अधिकरण, मुंबई के पास इस मामले में फिर से अपील दायर की गई है । साथ ही, आयकर विभाग ने जनेप प्राधिकरण को धारा 11 के तहत दी गई छूट के विरूद्ध आयकर अपील प्राधिकरण, पुणे के पास अपील दायर की है।
निर्धारण वर्ष 2006-07 से निर्धारण वर्ष 2007-08	माननीय आयकर अपील अधिकरण, मुंबई ने अपने आदेश द्वारा उक्त निर्धारण वर्षों के लिए निर्धारण अधिकारी को धारा 12 एए के तहत पंजीकरण के परिणामस्वरुप आयकर अधिनियम 1961 की धारा 11(1) के अधीन कर में छूट के लिए जनेप प्राधिकरण की पात्रता के मामले की फिर से जाँच करने का निदेश दिया । आयकर विभाग ने इस मामले में आयकर अपील अधिकरण, मुंबई के उपर्युक्त आदेशों के विरुध्द माननीय मुंबई उच्च न्यायालय में अपील दायर की । मा. मुंबई उच्च न्यायालय ने अपने दि. 08/06/2015 के आदेश द्वारा आयकर विभाग की दोनों अपीलों को खारिज कर दिया । बाद में आयकर विभाग ने दोनों वर्षों के लिए सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की । निर्धारण वर्ष 2006-07 का मामला मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 05 सितम्बर, 2018 को खारिज कर दिया गया और निर्धारण वर्ष 2007-08 का मामला सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 31 जनवरी, 2018 को खारिज कर दिया गया।
निर्धारण वर्ष 2008-09	माननीय आयकर अपील अधिकरण, मुंबई ने अपने आदेश द्वारा उक्त निर्धारण वर्ष के लिए निर्धारण अधिकारी को धारा 12 एए के तहत पंजीकरण के परिणामस्वरुप आयकर अधिनियम 1961 की धारा 11(1) के अधीन कर में छूट के लिए जनेप प्राधिकरण की पात्रता के मामले की फिर से जाँच करने का निदेश दिया । आयकर विभाग ने इस मामले में आयकर अपील अधिकरण, मुंबई के उपर्युक्त आदेशों के विरुध्द माननीय मुंबई उच्च न्यायालय में अपील दायर की । उच्च न्यायालय ने दि.24.10.2016 के आदेश द्वारा इस मामले को हमारे पक्ष में ख़ारिज कर दिया और अब यह सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है । इसी बीच, आयकर अधिनियम की धारा 148 के तहत विभागीय आयकर आयुक्त, पनवेल ने मामले को पुन: शुरू कर दिया । विभागीय आयकर आयुक्त ने इसके लिए दि. 15/03/2016 को आदेश जारी किया जिस पर पत्तन ने किए गए परिवर्धनों के विरुद्ध आयकर आयुक्त (अपील), ठाणे के पास अपील दायर की है ।

निर्धारण वर्ष	विवरण
निर्धारण वर्ष 2009-10	जनेप प्राधिकरण ने उपर्युक्त निर्धारण वर्ष में किए गए परिवर्धनों के लिए आयकर आयुक्त (अपील), ठाणे द्वारा जारी किए गए आदेश के विरुध्द माननीय आयकर अपील अधिकरण, मुंबई के पास अपील दायर की है । पत्तन उक्त निर्धारण वर्ष के लिए अपील के अतिरिक्त आधार दिखाकर धारा 11 के तहत छूट मांगने का प्रयास भी कर रहा है ।
निर्धारण वर्ष 2010-11 तथा निर्धारण वर्ष 2011-12	जनेप प्राधिकरण ने उक्त निर्धारण वर्षो के लिए निर्धारण अधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेशों के विरुध्द आयकर आयुक्त (अपील), ठाणे के पास अपील दायर की । उक्त निर्धारण वर्षों की सुनवाई के लिए मामले को आयकर आयुक्त(अपील), औरंगाबाद के पास स्थानांतरित किया गया था । आयकर आयुक्त(अपील) द्वारा संयुक्त आयकर आयुक्त, पनवेल की ओर से किए गए परिवर्धनों की पुष्टि करते हुए आदेश पारित किए गए थे । पत्तन ने आयकर आयुक्त (अपील), औरंगाबाद के उक्त आदेशों के विरुद्ध माननीय आयकर अपील अधिकरण मुंबई के पास अपील दायर की है । पत्तन ने आयकर अधिनियम की धारा 11 के तहत उक्त निर्धारण वर्ष के लिए छूट मांगने की अपील के अतिरिक्त आधार प्रस्तुत किए हैं ।
निर्धारण वर्ष 2012-13	निर्धारण अधिकारी द्वारा निर्धारण आदेश पारित किया गया था जिसमें धारा 80 आईए के अधीन कटौती के दावे की अस्वीकृति का मुद्दा प्रमुख था । इसके विरुद्ध आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष एक अपील दायर की गई थी । जनेप प्राधिकरण द्वारा धारा 80 आई ए के दावे के समर्थन में आवश्यक सभी आवश्यक दस्तावेज, मानचित्र, रिपोर्टें आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष प्रस्तुत किए गए । धारा 11 के अधीन छूट के लिए अतिरिक्त आधार प्रस्तुत किए गए । आयकर आयुक्त (अपील) के 21.12.2017 के आदेश के अनुसार जनेप प्राधिकरण की अपील को खारिज कर दिया गया । पत्तन ने आयकर अपील अधिकरण के समक्ष अपील दायर की है जिसका अधिनिर्णय होना बाकी है ।
निर्धारण वर्ष 2013-14	जनेप प्राधिकरण ने उक्त निर्धारण वर्ष के लिए निर्धारण अधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेशों के विरुद्ध आयकर आयुक्त, ठाणे के पास अपील दायर की है । पत्तन द्वारा आयकर अधिनियम 80 आई ए के तहत किया गया कटौती का दावा आयकर विभाग द्वारा खारिज किया गया, जिसके विरुद्ध आयकर आयुक्त (ठाणे) के सामने अपील की गई थी । धारा 11 के अधीन छूट के लिए अतिरिक्त आधार प्रस्तुत किए गए । आयकर आयुक्त (अपील) के दिनांक 21.12.2017 के आदेश द्वारा जनेप प्राधिकरण की अपील को खारिज कर दिया गया । पत्तन ने आयकर अपील अधिकरण के समक्ष अपील दायर की है जिसका अधिनिर्णय होना बाकी है ।

निर्धारण वर्ष	विवरण
निर्धारण वर्ष 2014-15	विभागीय आयकर आयुक्त (छूट), पुणे को मामले के हस्तांतरण के विरुद्ध पत्तन द्वारा दायर याचिका वापस लेने के बाद निर्धारण की कार्यवाही शुरू की गयी थी । निर्धारण अधिकारी के पास आवश्यक दस्तावेज और सबूत जमा किए गए थे । विभागीय आयकर आयुक्त (छूट) (मुख्यालय), पुणे द्वारा धारा 143 (3) के अधीन निर्धारण आदेश पारित किया गया था । विभागीय आयकर आयुक्त के आदेश के खिलाफ दिनांक 25-01-2017 को आयकर आयुक्त (अपील), पुणे के समक्ष एक अपील दायर की गई जिसमे धारा 11 के अधीन छूट के लाभ को अस्वीकार करना और धारा 80 आईए के अधीन कटौती की अस्वीकृति और अन्य परिवर्धन जैसे मुद्दे शामिल हैं । आयकर आयुक्त (अपील) के दिनांक 22.12.2017 के आदेश द्वारा जनेप प्राधिकरण की अपील को खारिज कर दिया गया । पत्तन ने आयकर अपील अधिकरण के समक्ष अपील दायर की जिसका अधिनिर्णय होना बाकी है ।
निर्धारण वर्ष 2015-16	दि. 28.12.2017 के निर्धारण आदेश द्वारा जनेप प्राधिकरण का धारा 80 आई ए के अधीन कटौती और धारा 11 के अधीन छूट का दावा नामंज़ूर किया गया था । पत्तन ने 20.01.2018 को आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की । आयकर आयुक्त (अपील) ने 18.03.2019 को आदेश पारित किया जिसके विरुद्ध जनेप प्राधिकरण द्वारा आयकर अपील प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर की गई है। निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिए 23.08 करोड़ की धन वापसी नवंबर 2017 में प्राप्त हुई।
निर्धारण वर्ष 2016-17	दि.26.12.2018 के निर्धारण आदेश द्वारा आयकर अधिनियम की धारा 80 आई.ए. के तहत कटौती तथा धारा 11 के तहत छूट के जनेप प्राधिकरण के दावे को खारिज किया गया था । पत्तन ने दि. 24.01.2019 को आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की है। उक्त निर्धारण वर्ष का मूल्यांकन दि. 31.03.2021 को धारा 148 के अंतर्गत दी गई सूचना (नोटिस) द्वारा पुन: आरंभ किया गया है । जनेप प्राधिकरण ने उक्त सूचना (नोटिस) के विरुद्ध आपत्ति दर्ज की है । 31.03.2024 तक कोई अंतिम आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।
निर्धारण वर्ष 2017-18	दि.29.12.2019 के निर्धारण आदेश द्वारा आयकर अधिनियम की धारा 80 आई.ए. के तहत कटौती तथा धारा 11 के तहत छूट के जनेप न्यास के दावे को खारिज किया गया था । पत्तन ने दि. 24.01.2020 को आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की है। इसी बीच, धारा 154 के अधीन, दि. 31.03.2024 को एक संशोधन आदेश पारित किया गया है । पत्तन आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर करने की तैयारी में है।

निर्धारण वर्ष	विवरण
निर्धारण वर्ष 2018-19	दि.26.04.2021 के निर्धारण आदेश द्वारा आयकर अधिनियम की धारा 80 आई.ए. के तहत कटौती तथा धारा 11 के तहत छूट के जनेप न्यास के दावे को खारिज किया गया था । पत्तन ने दि. 17.05.2021 को आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की है । इसी बीच, आयकर आयुक्त (छूट) के द्वारा दि. 31.03.2024 को धारा 263 के अधीन एक आदेश पारित किया गया है । पत्तन आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर करने की तैयारी में है।
निर्धारण वर्ष 2019-20	दि.29.09.2021 के निर्धारण आदेश द्वारा आयकर अधिनियम की धारा 80 आई.ए. के तहत कटौती तथा धारा 11 के तहत छूट के जनेप न्यास के दावे को खारिज किया गया था । पत्तन ने दि. 21.10.2021 को आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की है।
निर्धारण वर्ष 2020-21	दि.26.09.2022 के निर्धारण आदेश द्वारा आयकर अधिनियम की धारा 80 आई.ए. के तहत कटौती तथा धारा 11 के तहत छूट के जनेप न्यास के दावे को खारिज किया गया था । पत्तन ने दि. 18.10.2022 को आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की है।
निर्धारण वर्ष 2021-22	दि.27.12.2022 के निर्धारण आदेश द्वारा आयकर अधिनियम की धारा 80 आई.ए. के तहत कटौती तथा धारा 11 के तहत छूट के जनेप न्यास के दावे को खारिज किया गया था । पत्तन ने दि. 21.01.2023 को आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की है।
निर्धारण वर्ष 2022-23	दि. 19.03.2024 का निर्धारण आदेश जिसमें आयकर की धन वापसी को स्वीकार कर लिया गया है । पत्तन ने धारा 11 के तहत छूट का दावा करने के लिए 15.04.2024 को आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की है ।
निर्धारण वर्ष 2023-24	वर्ष की आयकर विवरणी 30.09.2023 को प्रस्तुत की गई । उक्त विवरणी की प्रक्रिया को धारा 143(1) के अंतर्गत दि. 14.01.2024 के आदेश द्वारा संसाधित किया गया है, जिसमें 48,65,93,530/- रूपए की धन वापसी निर्धारित की गई जो हमें मार्च, 2024 में प्राप्त हुई ।

08.कर/अग्रिम कर के लिए प्रावधान :-

पत्तन ने वर्ष के दौरान निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए ग्राहकों तथा संस्थानों द्वारा काटे गए स्रोत कर सहित रु. 624.00 करोड़ के अग्रिम आयकर का भुगतान किया है । आस्थगित कर को छोड़कर रु. 601.23 करोड़ के कर हेतु प्रावधान किया गया है ।

09. पत्तन परिसंपत्तियों का बीमा :-

पत्तन की संपत्ति राष्ट्रीय संपत्ति है, इसलिए पत्तन दैवी घटनाओं तथा अन्य खतरों से निपटने के लिए वर्ष 2006 से इन परिसंपत्तियों का बीमा करवा रहा है जिसमें मानव नियंत्रण से परे प्रकृति के सभी संकट शामिल हैं जैसे तूफान, चक्रवात, भूकंप, सूनामी, बाढ़, सैलाब, साथ ही, आग, आतंकवाद, बीमा देयताएँ और जहाज के ढाँचे (हल) से जुड़े खतरे आदि । बीमा पालिसी में बीमित जोखिम, चैनल अवरोध आदि के कारण पत्तन को होने वाले व्यापारिक व्यवधान संबंधी हानियाँ भी शामिल हैं । यह मंत्रालय और भारतीय पत्तन संघ से प्राप्त निदेशों के अनुरूप और उनके अनुपालन में है ।

तदनुसार, पत्तन ने उचित निविदा-प्रक्रिया के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के बीमाकर्ता के साथ व्यापक पत्तन पैकेज नीति के नवीकरण को अंतिम रूप दिया, जिसकी अवधि 01.02.2024 से 31.01.2025 तक होगी ।

बीमा पोर्ट फोलियो में निम्नलिखित शामिल हैं :-

1. विस्तृत पत्तन पैकेज में निम्नलिखित शामिल हैं :

(क) **भारी क्षति :** पत्तन प्रशासन कार्यालय, नगर क्षेत्र आदि सहित पत्तन प्रचालन क्षेत्र और प्रचालन क्षेत्र के पास की पत्तन की सभी संपत्तियों और परिसंपत्तियों के सभी जोखिम ।

(ख) चैनल जलमार्ग अवरोध, पाइपलाइनों को क्षति और पत्तन के ठीक पास में लगे हुए परिसर में भूमि मार्गों पर किसी प्रकार के अवरोध सहित रूकावट के कारण व्यापारिक व्यवधान से जुड़ी हानि ।

(ग) पत्तन की बीमा योग्य देनदारियाँ

1. पत्तन देयताएँ (पर्यावरण प्रदूषण के अलावा)
2. पर्यावरण प्रदूषण देयताएँ (आतंकवाद के अलावा)

(घ) आतंकवाद एवं अन्तर्ध्वंस

2. पृथक आतंकवाद पॉलिसी (व्यापारिक व्यवधान सहित)
3. हल और मशीनरी बीमा पॉलिसी
4. निष्ठा गारंटी (अनामित अस्थायी) बीमा पॉलिसी
5. निदेशक एवं देयता पॉलिसी

6. न्यू इंडिया भारत सूक्ष्म उद्यम सुरक्षा पॉलिसी

7. मानक अग्नि एवं विशेष जोखिम पॉलिसी

8. इलेक्ट्रानिक उपकरण/सर्व जोखिम पॉलिसी

9. भारत गृह रक्षा पॉलिसी

दि. 5 अगस्त, 2020 को पत्तन में अचानक आए तूफान से एक दुर्घटना हुई जिसमें 2 आरएमक्यूसी को भारी क्षति, 3 आरएमक्यूसी को पूर्ण क्षति और घाट को नुकसान हुआ था । उक्त दुर्घटना का दावा बीमा कंपनियों और पुन:बीमा कंपनियों के पास विचाराधीन है । इसके अलावा, जनेप प्राधिकरण बोर्ड संकल्प संख्या 190/05.03.2024 के अनुसार, आरएमक्यूसी 6,7 और 8 का दावा बाजार-मूल्य/मूल्यह्रास विधि (गणना) पर आधारित होगा और इसका निपटान क्षतिपूर्ति के आधार पर होगा। तदनुसार, उक्त विवरण के उल्लेख के साथ एक पत्र 02.05.2024 को मेसर्स न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को प्रस्तुत किया गया था और यह बीमाकर्ताओं/पुनर्बीमाकर्ताओं के पास प्रक्रियाधीन है । बीमा कवर का नवीकरण 1 फरवरी, 2025 को किया जाना है ।

10. भविष्य निधि, उपदान निधि एवं पेंशन निधि के लिए न्यास :-

आयकर अधिनियम के उपबंधों का अनुपालन करने के लिए मंडल के अनुमोदन से निम्नलिखित के लिए 31/03/2003 से पृथक न्यासों का गठन किया गया है :

क्रम. सं.	निधि का नाम	न्यास का नाम
1	भविष्य निधि	ज. ने. पत्तन कर्मचारी भविष्य निधि न्यास
2	उपदान निधि	जवाहरलाल नेहरू पत्तन कर्मचारी उपदान न्यास
3	पेंशन निधि	जवाहरलाल नेहरू पत्तन अधिवर्षिता न्यास

आयकर विभाग इन न्यासों को मान्यता दे चुका है और उपदान और पेंशन के वार्षिक अंशदान से संबंधित राशियाँ बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर भारतीय जीवन बीमा निगम के पास जमा कराई जा रही हैं । उपर्युक्त के अतिरिक्त, पत्तन की छुट्टी नकदीकरण देयता भी बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर भारतीय जीवन बीमा निगम के पास जमा कराई जाती है । मंत्रालय ने दि. 19 मई, 2005 के पत्र सं.पीआर-24021/20/2004-पीजी के द्वारा उक्त करार को 'सैद्धान्तिक रूप से' अनुमोदन दिया है ।

सेवानिवृत्ति लाभों हेतु अंशदान

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2024 को आवश्यक निधि	निधि शेष	वर्ष के दौरान किया गया अंशदान	31.03.2024 को कुल योग	31.03.2024 को बकाया देयता	31.03.2024 को अवित्त पोषित देयता
1	पेन्शन निधि	890.75	1,434.46	-	1,434.46	-	(452.71)
2	उपदान निधि	93.93	76.31	-	76.31	17.00	0.62
3	छुट्टी नकदीकरण निधि	84.23	89.72	-	89.72	-	(5.49)
	कुल	1,068.91	1,509.49	-	1,509.46	17.00	(457.58)

इन तीन निधियों के लेखे पर 31.3.2024 को कुल देयता रु. 1,068.91 करोड़ थी तथा वर्ष 2023-24 के दौरान, इन निधियों का ब्याज सहित 31.3.2024 को कुल मूल्य रु. 1,509.49 करोड़ था । पेंशन, उपदान और छुट्टी नकदीकरण निधियों पर 2023-24 के दौरान अर्जित ब्याज 7.01% से 7.87% के बीच था ।

11. टैंक फार्म प्रचालकों से पट्टा किराया :

तुलन पत्र में वर्तमान परिसम्पत्तियों के तहत परिलक्षित चिंता का प्रमुख क्षेत्र है टैंक फार्म प्रचालकों से पट्टा किराए की लंबे समय से बकाया राशि । पट्टा किराया वृद्धि में भिन्नता, पट्टे की अवधि, वे लीव प्रभार आदि से संबंधित विवाद का मामला वर्ष 2005 में विवाचन के लिए भेजा गया था । विवाचन अधिकरण ने साझा मुद्दों के संबंध में मई 2012 में एलसीबीयूए (तरल रसायन घाट उपभोक्ता संघ) के पक्ष में निर्णय दिया । वर्ष 2012 के इस विवाचन निर्णय द्वारा जनेप प्राधिकरण द्वारा प्रभारित प्रशुल्क 1995 से कम कर दिया गया है । जनेप न्यास ने इस निर्णय के विरूद्ध अपील दायर की है तथा मामला माननीय मुंबई उच्च न्यायालय में लंबित है । इस अपील के निर्णय के लंबित होने के कारण जेएनपीए ने सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करके विवाचन अधिनिर्णय के अनुसार दि.1 अप्रैल, 2021 से बिलों को जारी करना प्रारंभ कर दिया है । इनमें से कुछ पत्तन उपभोक्ता जेएनपीए द्वारा दावा किए गए इन बिलों का भुगतान कर रहे हैं और अन्य जेएनपीए द्वारा दावा किए गए इन बिलों का भुगतान नहीं कर रहे हैं क्योंकि उनका मानना

है कि इसकी तुलना 2012 के विवाचन अधिनिर्णय में आदेशित दरों से की जाए तो उन्होंने 1995 से 2012 की अवधि के दौरान जेएनपीए को अतिरिक्त भुगतान किया है । 31.3.2024 तक इस संबंध में कुल प्राप्य बकाया 573.94 करोड़ रुपये था । विभेदक बिलिंग, यदि कोई हो, माननीय मुंबई उच्च न्यायालय में लंबित अपील पर निर्णय के अनुसार की जाएगी।

न्यूनतम प्रत्याभूत व्यवसाय की शास्ति (पेनाल्टी) के संबंध में टैंक फार्म प्रचालकों को जारी किए गए बीजक विवादित हैं तथा कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है और पूरे मामले को विवाचन के लिए भेजा गया है । इस संबंध में 2012 के विवाचन अधिनिर्णय को जेएनपीए द्वारा चुनौती दी गई है और यह माननीय मुंबई उच्च न्यायालय में लंबित है । इस संबंध में इन पत्तन उपभोक्ताओं से देय कुल राशि 31.03.2024 तक 330.56 करोड़ रुपये है जिसमें से 143.46 करोड़ रुपये वर्तमान परिसंपत्तियों का हिस्सा है।

एक टैंक फार्म प्रचालक के साथ विवाद के संबंध में, विवाचन ने 8 जून, 2018 को जेएनपीए के विरुद्ध व्यक्तिगत अधिनिर्णय दिया है, जिसे जेएनपीए ने चुनौती दी है और यह अपील माननीय मुंबई उच्च न्यायालय में लंबित है ।

12.बकाया राशि पर दंड स्वरूप ब्याज :

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण के निदेशों के अनुसार, जेएनपीए को पत्तन उपभोक्ताओं से बकाया राशि पर दंड स्वरूप ब्याज वसूल करना होता है । हालाँकि, संपदा किराए के मामले में, टैंक फार्म प्रचालकों द्वारा किए गए दावों में, दावों की देरी से प्राप्ति के लिए दंडात्मक ब्याज में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है क्योंकि ये मामले कानूनी विवाद के अधीन हैं, जिनका निर्णय लंबित है । इन लंबित मुकदमों पर निर्णय होने के बाद उसके अनुसार दंड स्वरूप ब्याज का दावा किया जाएगा ।

हालाँकि, पत्तन गैर-विवादित पत्तन उपभोक्ताओं से उनके खाते को बंद करने के समय मानक दर (एसओआर) के अनुसार %16.75 दंडात्मक ब्याज वसूल करता है ।

13.निर्माण प्रहस्तन एवं हस्तांतरण प्रचालकों को सौंपे गए शेड/अन्य परिसम्पत्तियाँ :

एपीएम टर्मिनल/जीटीआईपीएल के साथ किए गए करार की शर्तों के अनुसार, बल्क भंडारण शेडों को उन्हें सौंप दिया गया है जिन्हें यार्ड बनाने एवं अन्य सुविधाएँ तैयार करने के लिए नष्ट किया जा सकता है। इसके अलावा, कुछ अन्य परिसम्पत्तियों जैसे, वैगन लदाई प्लेटफार्म, कैन्टीन आदि को भी उन्हें सौंप दिया गया है । ये परिसम्पत्तियाँ उसी रूप में पत्तन को वापस प्राप्त नहीं होंगी, जिस रूप में उन्हें सौंपा गया था। उन्हें सौंपी गई अन्य परिसम्पत्तियों के साथ-साथ, ऐसी परिसम्पत्तियों पर पट्टा किराया वसूल किया जा रहा है। अत: इन परिसम्पत्तियों को नियत परिसम्पत्तियों के रजिस्टर से हटा दिया गया है एवं अलग से 'सुधार के लिए बीओटी प्रचालकों (जीटीआईपीएल/ एपीएम टर्मिनल) को सौंपे गए शेडों/परिसम्पत्तियों' के रूप

में दिखाया गया है । सौंपे जाने के समय इन परिसम्पत्तियों का ह्रासित मूल्य रु. 54.53 करोड़ था । इन परिसम्पत्तियों का समान रूप से 30 वर्षों के लिए परिशोधन किया जा रहा है । इनका परिशोधित मूल्य दिनांक - 31/03/2024 को रु. 19.09 करोड़ है ।

इसी तरह एनएसआईसीटी के उत्तर की ओर कंटेनर घाट के 330 मीटर के विस्तार पर किया गया व्यय 31 मार्च, 2016 को 5.23 करोड़ रूपये था । उसे पट्टे की शेष अवधि के लिए समान किस्तों में परिशोधित किया गया है और 31 मार्च, 2024 को इन परिसम्पत्तियों का परिशोधित मूल्य 2.77 करोड़ रूपये है।

14. विधिक/विवाचन/सेवा कर के मामले

(क) पत्तन ने अंतर टर्मिनल रेल प्रहस्तन प्रचालन की बिलिंग में अंतर के कारण 4.42 करोड़ रूपये के ब्याज के साथ 12.22 करोड़ वसूलने के लिए जीटीआईपीएल के खिलाफ मुकदमा (2018 का मुकदमा से 399) दायर किया है : मामला पनवेल वरिष्ठ खंड न्यायालय में सुनवाई के लिए लंबित है। मामला स्वीकृति स्तर पर है।

(ख) मेसर्स एम एम निस्सिम एंड कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए प्रस्तुत लेखा परीक्षा रिपोर्ट के आधार पर पत्तन ने रु. 18.27 करोड़ के ब्याज के साथ 42.15 करोड़ की संचयी बकाया राशि की वसूली के लिए दिनांक 10 अगस्त, 2004 के अनुज्ञप्ति करार के खंड 23.3 के अनुसार मध्यस्थता के लिए मेसर्स जीटीआईपीएल को दिनांक 5 अप्रैल, 2018 को नोटिस भेजा है **(दावे में बताए अनुसार यह आंकड़ा कुल 37,85,27,543/- रुपये था) ।** विवाचन अधिकरण द्वारा दिनांक 9 अगस्त, 2019 को अधिनिर्णय जारी किया गया । जनेप प्राधिकरण ने विवाचन के निर्णय के विरुद्ध माननीय मुंबई उच्च न्यायालय में वाणिज्यिक मध्यस्थता याचिका सं.1491 (2019) दायर की है । मामला स्वीकृति स्तर पर है।

(ग) मेसर्स एनएसआईसीटी ने प्रति टीईयू रायल्टी भुगतान को राजस्व हिस्सेदारी में परिवर्तित करने की मांग करते हुए 3 जुलाई, 1997 के अनुज्ञप्ति करार के 15.3 खण्ड के अनुसार पत्तन पर विवाचन दायर किया है । विवाचन अधिकरण द्वारा दिनांक 18 सितंबर, 2019 को अधिनिर्णय जारी किया गया । जनेप प्राधिकरण ने विवाचन अधिनिर्णय को चुनौती देते हुए माननीय मुंबई उच्च न्यायालय में वाणिज्यिक मध्यस्थता याचिका सं.102 (2020) दायर की है । मामला स्वीकृति स्तर पर है।

(घ) एलसीबीयूए सदस्य और जनेप न्यास के बीच मध्यस्थता – मामला वे-लीव प्रभार, न्यूनतम प्रत्याभूत व्यवसाय, पट्टा किराया और पट्टा अवधि से जुड़ा है जो सामान्य मुद्दों और व्यक्तिगत मुद्दों में विभाजित है – सामान्य मुद्दों में विवाचन अधिकरण द्वारा दिनांक 21 मई, 2012 को अधिनिर्णय दिया गया जिसे जनेप न्यास ने मध्यस्थता याचिका सं.517 (2013) दायर करके चुनौती दी है तथा व्यक्तिगत मुद्दों में विवाचन अधिकरण द्वारा दिनांक 08 जून, 2018 को दूसरा अधिनिर्णय दिया गया (आईएमसी एवं अन्य मामले में पहला और जीबीएल मामले में दूसरा) । जनेप प्राधिकरण ने माननीय मुंबई उच्च

न्यायालय में वाणिज्यिक मध्यस्थता याचिका सं.06 (2019) और वाणिज्यिक मध्यस्थता याचिका सं.01 (2019) दायर करके दोनों अधिनिर्णयों को चुनौती दी है । मामला स्वीकृति स्तर पर है।

(च) सीट्रांस शिपिंग और जनेप न्यास के बीच विवाचन – मामला निकर्षण ठेके से संबन्धित है – विवाचन अधिकरण द्वारा दिनांक 8 दिसंबर, 2014 को अधिनिर्णय जारी किया गया और तदनुसार जनेप प्राधिकरण ने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका सं. 536 (2015) दायर की । न्यायालय ने उक्त याचिका पर दिनांक 15 मई, 2020 को आदेश जारी किया । जनेप प्राधिकरण ने उक्त आदेश के विरुद्ध न्यायालय में अपील सं. 131 (एल) (2020) दायर की । मामला स्वीकृति स्तर पर है ।

(छ) जेएनपीए में 3 आरएमक्यूसी के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण, कमीशनिंग तथा निष्पादन की गारंटी और जेएनपीए में मुख्य कंटेनर घाट से उथले डुबाव घाट पर पुराने 3 आरएमक्यूसी के डीकमीशनिंग, स्थानांतरण, री-कमीशनिंग, परीक्षण और संरचनात्मक पुर्जों की गारंटी के लिए मेसर्स अनुपम पोर्ट क्रेन्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को दिए गए ठेके के 4,37,74,990/- रुपयों (लगभग) का भुगतान रोकने को लेकर विवाद हुआ । दावे के मद सं. 12 और 15 से 18 पर निर्णय लेने के लिए पार्टियां विवाचन अधिकरण में गईं । विवाचन अधिकरण ने दिनांक 02.02.2023 को इस पर अधिनिर्णय जारी किया और जेएनपीए ने 03.05.2023 को वाणिज्यिक मध्यस्थता याचिका (एल) संख्या 12669 (2023) दायर करके मुंबई उच्च न्यायालय में अधिनिर्णय ओर अधिनिर्णय के संचालन पर रोक के लिए चुनौती दी । मामला स्वीकृति स्तर पर है।

(ज) मेसर्स बीएसआई-जेडीएन संयुक्त उद्यम और जेएनपीए के बीच विवाद उत्पन्न हुआ, जो "मुंबई हार्बर चैनल और जेएन पत्तन चैनल को गहरा और चौड़ा बनाना चरण - II" के अनुबंध में आईपीसी # ,12 13 # और # 14 और टीओसी का भुगतान न करने के कारण जेएनपीए द्वारा पार्टियों को हुए सीधे नुकसान से संबंधित है, जिसमें कुल दावा रु 448,35,44,283/- (लगभग) है । संबन्धित पार्टी बीएसआई-जेडीएन और जेएनपीए के बीच विवाद को सुलझाने के लिए विवाचन कार्यवाही में गई है जो अभी तक चल रही है और अंतिम चरण में है।

(झ) मेसर्स पेंटाकल कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड और जेएनपीए के बीच विवाद दावेदार द्वारा अनुबंध की अवधि के लिए तैनात अतिरिक्त जनशक्ति और उसी कार्य/नौकरी के लिए नए टेंडर जारी करके दावेदार के प्राप्तियों का भुगतान न करने के कारण पार्टी को हुए नुकसान को लेकर उत्पन्न हुआ, जिससे दावेदार देनदारियों, प्रतिनियुक्ति की अतिरिक्त लागत, प्रतिष्ठा की हानि, मानसिक तनाव आदि के संबंध में बोली लगाने/भाग लेने की प्रक्रिया से बाहर हो गए । वाढवन में सैटेलाइट पोर्ट के विकास के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट «तैयार करने हेतु 12 महीने की अवधि के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान करने लिए तथा एस. ई. जेड. चरण-। में परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाओं के अनुबंध में दावेदार का कुल दावा रु. 4.01 करोड़ (लगभग) है । इस संबंध में विवाचन मामला माननीय सूक्ष्म और लघु उद्यम सुविधा परिषद, मुंबई में लंबित है । उक्त मामला मेसर्स पेंटाकल कंसल्टेंट और जेएनपीए के बीच सुलझे विवाद पर चल रहा है।

15. मेसर्स ओरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स – रु.110 करोड़ और रु.70 करोड़ की सावधि जमा रसीद

मेसर्स ओरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, मालाड मालवणी, मुंबई शाखा में दिनांक 12 फरवरी, 2014 को रु. 110 करोड़ और दिनांक 17 फरवरी, 2014 को रु.70 करोड़ एक वर्ष के लिए क्रमश: प्रतिवर्ष 9.67 प्रतिशत और 9.75 प्रतिशत ब्याज दर से निवेश किया गया जिसकी कोई सावधि जमा रसीद बैंक से प्राप्त नहीं हुई।

पत्तन ने अभी तक मेसर्स ओरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स से रु. 180 करोड़ के कुल निवेश में से रु. 112.41 करोड़ की वसूली की है । इस प्रकार निवेश की तिथि से आज तक मेसर्स ओरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स से ब्याज समेत कुल रु. 67.59 करोड़ प्राप्य है । वित्तीय वर्ष 2021-22 तक मेसर्स ओरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स से कुल देय राशि रु. 156.65 करोड़ है । (अर्थात मूल राशि रु.67.59 करोड़ और रु.89.06 करोड़ की ब्याज राशि)

माननीय एनसीडीआरसी, नई दिल्ली ने 22 मार्च, 2023 को उपभोक्ता मामला संख्या 2016) 1564) (जेएनपीए बनाम ओबीसी) का आदेश जारी किया है । माननीय एनसीडीआरसी ने शिकायत को एकमात्र आधार पर खारिज कर दिया है कि जेएनपीए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रयोजन के लिए «उपभोक्ता» नहीं है और आवश्यक राहत के लिए उचित मंच से संपर्क करने की स्वतंत्रता है ।

जेएनपीए ने एनसीडीआरसी द्वारा पारित दिनांक 22.03.2024 के निर्णय के विरुद्ध माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष सिविल अपील संख्या 4157/2023 दायर की है, जो सुनवाई के लिए लंबित है । इसके अलावा, जेएनपीए इस मामले में माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष वसूली मुकदमा दायर करने की प्रक्रिया में है।

परामर्शदाता से प्राप्त राय के आधार पर और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, जेएनपीए ने अब से ओबीसी में जमा राशि पर ब्याज की मान्यता को तब तक के लिए स्थगित कर दिया है जब तक कि जेएनपीए इस ब्याज की अंतिम वसूली के लिए उचित निश्चितता प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो जाता । इसलिए, जेएनपीए ने ओबीसी से प्राप्य आय को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अपने लेखों में ब्याज को दर्ज करने की प्रथा बंद कर दी है । वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ओबीसी से प्राप्य उपार्जित ब्याज क्रमश: मात्र 15,12,62,364.62/- रूपये और 15,91,17,461.95 रूपए है।

16. संस्थापित और प्रयुक्त क्षमता :

संस्थापित और प्रयुक्त क्षमता का विवरण नीचे दिया गया है -

(मिलियन टनों में)

घाट/टर्मिनल	*संस्थापित क्षमता		वास्तविक रूप से प्रयुक्त क्षमता	
	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24
ज.ने.प.कं.टर्मिनल / एनएसएफटी	22.10	22.10	3.15**	6.73
जीटीआइपीएल / एपीएम टर्मिनल	23.70	23.70	22.90	18.99
एनएसआइसीटी / डी पी वर्ल्ड	20.50	20.50	14.48	14.25
उथला जल घाट एवं तटीय घाट (बल्क टर्मिनल)	7.00	7.00	2.52	2.68
एनएसआइजीटी / 330 मीटर	10.30	10.3	14.02	13.54
बी.पी.सी.एल. (द्रव कार्गो घाट)	7.20	7.20	5.15	5.05
बीएमसीटीपीएल / पीएसए	30.00	30.00	21.64	24.49
अतिरिक्त द्रव कार्गो घाट	लागू नहीं	4.50		0.08
कुल योग	120.80	125.30	83.86	85.81

* पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा दिनांक 05/10/2017 के पत्र के माध्यम से सूचित पुनर्मूल्यांकित क्षमता। एनएसएफटी के मामले में, जेएनपीसीटी की संबंधित क्षमता की क्षमता पर विचार किया गया है। बीएमसीटीपीएल की क्षमता डिजाइन की गई क्षमता है ।

** जेएनपीसीटी का प्रहस्तन 15 दिसंबर, 2023 तक है क्योंकि प्रचालन बंद हो गया है और एनएसएफटीपीएल को सौंप दिया गया है । एनएसएफटीपीएल का प्रचालन 14 फरवरी, 2023 से सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की सहभागिता आधार (पीपीपी मोड) पर शुरू हुआ।

+ मेसर्स बीपीसीएल द्वारा अंतरिम आधार पर 06.03.2024 को नवनिर्मित घाट पर प्रचालन शुरू हुआ। छूट करार पर हस्ताक्षर के बाद घाट को सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की सहभागिता प्रचालक (पीपीपी ऑपरेटर) मेसर्स जेएसडब्ल्यू जेएनपीए लिक्विड टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड को सौंप दिया जाएगा ।

नोट : ऊपर उल्लिखित कंटेनर यातायात के अलावा निम्नलिखित सामान्य कार्गो यातायात का भी नि.प्र.ह. कंटेनर टर्मिनलों पर प्रहस्तन किया गया :

(क) नि.प्र.ह. टर्मिनलों पर वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2022-23 के दौरान क्रमश: 997 और 2,353 टन सामान्य कार्गो का प्रहस्तन किया गया ।

17. आयातों का मूल्य (सीआईएफ) :

बीमा और भाड़े के आधार पर आयातों का मूल्य एवं विदेशी मुद्रा में व्यय नीचे दिए जा रहे हैं :

(करोड़ रुपयों में)

क्र. सं.	विवरण	2023-24	2022-23
1	उपभोज्य वस्तुएँ तथा कलपुर्जे एवं पूंजीगत सामान	शून्य	0.36
2	प्राप्त की गई सेवाएं (पूंजी एवं राजस्व कार्य)	0.83	7.64
3	प्रशिक्षण, दैनिक भत्ता, सम्मेलन व्यय, अनुरक्षण ठेके इत्यादि के लिए विदेशी मुद्रा में व्यय	0.03	0.04
4	उपयोग किए गए आयातित एवं देशी कलपुर्जों का मूल्य एवं कुल उपयोग का प्रतिशत (करोड़ रुपयों में)	शून्य	आयातित और स्वदेशी खपत अलग से उपलब्ध नहीं है।
		शून्य	कुल 2.89 करोड़ 100.00%
5	वर्ष के दौरान पूंजीगत लेखे से की गई और उसमें शामिल न की गई भंडार और सामग्री की कुल खरीद	शून्य	शून्य

18. लेखा परीक्षकों को पारिश्रमिक :

(लाख रुपयों में)

विवरण	2023-24	2022-23
मुख्य महालेखापरीक्षक को लेखा परीक्षक के रूप में	52.80	62.34
कर लेखा-परीक्षक	10.76	09.80
आंतरिक लेखा परीक्षक	9.49	21.26
योग	**73.05**	**93.40**

19. कर्मचारियों की संख्या तथा उन पर हुए व्यय का विवरण :

कोटि	दि.31.03.2024 की तारीख में स्थिति	दि.31.03.2023 की तारीख में स्थिति
श्रेणी		
I	120	132
II	22	26
III	491	575
IV	48	55
योग	**681**	**788**
***कर्मचारियों को वार्षिक पारिश्रमिक (करोड़ रुपयों में)**	**165.60**	**217.07**

20. अनिवार्य मदों पर किया गया व्यय

(करोड़ रु. में)

विवरण	2023-24	2022-23
भंडारों तथा कलपुर्जों की खपत	0.82	2.90
बिजली, ईंधन, तेल एवं जल	81.01	169.86
लघु कार्यों सहित मरम्मत एवं अनुरक्षण	53.36	98.43
वेतन, मजदूरी एवं बोनस	165.60	217.07
कर्मचारी कल्याण व्यय	9.17	24.33
चिकित्सा व्यय	26.17	28.39
बीमा	9.31	19.55
निकर्षण	192.11	239.23
टग और पायलट नौका किराए पर लेना	68.92	67.06
रिच स्टैकर	4.38	7.15
अनुग्रह राशि	43.17	13.29
पेंशन/उपदान/ अवकाश नकदीकरण	17.15	0.03
पत्तन नौकाओं का संचालन (मैनिंग)	8.60	7.75
केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल	66.21	59.11
मूल्यह्रास	165.16	133.94

21. 31 मार्च, 2024 को आकस्मिक देयताएँ :

(क) विवाद समाधान और संभावित वित्तीय निहितार्थों पर प्रकटीकरण।

1. जीटीआई का पिछला अधिशेष / विभेदक राजस्व :-

इस विवाद में जेएनपीए द्वारा 2012 से 2019 की अवधि के दौरान अर्जित राजस्व के अपने हिस्से के रूप में रखे गए 875.11 करोड़ रुपये के विभेदक राजस्व (2010 और 2012 के महा पत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण आदेश के बीच का अंतर) की राशि शामिल है । जेएनपीए और जीटीआई द्वारा विवादों को भारतीय पत्तन संघ (आईपीए) द्वारा गठित सुलह और निपटान समिति («सीएससी») के पास भेजा है । सीएससी ने निपटान समझौता प्रस्तुत किया है, और इसे अनुमोदन के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के पास भेज दिया गया है । निपटान समझौते में जीटीआई द्वारा 2012 से पहले अर्जित 285 करोड़ रुपये का पिछला अधिशेष और 13-2012 से 15-2014 तक का 18.1 करोड़ रुपये का अधिशेष भी शामिल हैं।

यदि सीएससी की सिफारिश स्वीकार कर ली जाती है (भारत सरकार के अनुमोदन के अधीन), तो जेएनपीए 875.11 करोड़ रुपये स्वयं के पास बरकरार रख सकता है और रु. 285 करोड़ (2012 से पहले का पिछला अधिशेष) का 35.503% राजस्व हिस्सा, जो 101.18 करोड़ है, अगले 8 वर्षों में समान रूप से भेज सकता है जैसा कि आधारिक संरचना निधि (इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड) के लिए लागू है । इसी तरह, वर्ष 2012 से 2020 की अवधि के लिए अधिकतम अधिशेष 18.1 करोड़ रुपये है जिसे वास्तविक ग्राहकों को भुगतान किया जाना है, जेएनपीए का हिस्सा 6.43 करोड़ रुपये (35.503%) होगा । अंतिम रूप से सूचित तुलन-पत्र की तारीख से मामले की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है ।

(अ) एनएसआईसीटी - राजस्व हिस्से के लिए रॉयल्टी :-

इस विवाद में प्रशुल्क निर्धारण के कारण उत्पन्न होने वाले एनएसआईसीटी के अधिशेष/घाटे का निर्धारण शामिल है । जेएनपीए और एनएसआईसीटी ने विवादों को भारतीय पत्तन संघ (आईपीए) द्वारा गठित सुलह और निपटान समिति («सीएससी») के पास भेजा है । सीएससी ने निपटान समझौता प्रस्तुत किया है, और इसे अनुमोदन के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के पास भेज दिया गया है ।

पारस्परिक लाभ के लिए जेएनपीए और एनएसआईसीटी के उद्देश्यों को सुगम बनाने के लिए, सीएससी ने सिफारिश की है कि एनएसआईसीटी को क्षमता उपयोग प्राप्त करने की उनकी योग्यता के अनुरूप भविष्य की रॉयल्टी में सशर्त छूट की अनुमति दी जाएगी । यदि सीएससी की सिफ़ारिश (भारत सरकार के अनुमोदन के अधीन) स्वीकार कर ली जाती है, तो वित्त वर्ष 23-2022 के लिए 81.16 करोड़ रुपये की रॉयल्टी छूट होगी क्योंकि एनएसआईसीटी ने 91.41% की बढ़ी हुई क्षमता उपयोगिता कर ली है और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 125.05 करोड़ रूपए की रॉयल्टी छूट होगी, क्योंकि एनएसआईसीटी ने 94.35% की बढ़ी हुई क्षमता उपयोगिता हासिल कर ली है ।

22.ज.ने.प. प्राधिकरण कंटेनर टर्मिनल के कंटेनर वहन स्थानक तथा बफर यार्ड के लिए अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) :

मेसर्स सीडब्लूसी को दिए गए पूर्व के लाइसेंस की अवधि दि. 31/12/2005 को समाप्त होने पर जने पत्तन के कंटेनर वहन स्थानक एवं बफर यार्ड के प्रबंधन, अनुरक्षण एवं प्रचालन के लिए नया लाइसेंस मे. स्पीडी मल्टी मोड्स लि. [(पूर्व नाम स्पीडी ट्रांसपोर्ट प्रा. लि. (एसटीपीएल)] मुंबई को 20 वर्ष की अवधि के लिए दिया गया जिसे अगले 10 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है । इस करार में सौंपी गई परिसम्पत्तियों के पट्टे किराए के भुगतान एवं लाइसेंस करार की शर्तों के अनुसार प्रहस्तित टीइयू के लिए रायल्टी का प्रावधान है । लाइसेंस की शर्तों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पट्टा किरायों, रायल्टी एवं न्यूनतम प्रत्याभूत व्यवसाय में कमी के कारण मेसर्स एसएमएल से जनेप न्यास को प्राप्त राशि निम्नलिखित रूप से है :

(करोड़ रु. में)

विवरण	2023-24	2022-23
रायल्टी	8.91	8.19
पट्टा किराए	25.77	25.64
न्यूनतम प्रत्याभूत व्यवसाय (एमजीटी) में कमी (रायल्टी में समाहित)	02.14	01.93
विविध प्रभार	00.27	00.50

हाल ही में, जवाहरलाल नेहरू पत्तन के कंटेनर वहन स्थानक एवं बफर यार्ड के प्रचालक (ऑपरेटर) मेसर्स स्पीडी मल्टीमोड्स लिमिटेड ने आर्थिक रूप से व्यवहार्य न होने के कारण 17 जनवरी, 2024 को सड़कों और गेट/कार्यालय (कंटेनर स्टैकिंग के लिए कुल पक्का क्षेत्र 54014 वर्ग मीटर) सहित लगभग 58755 वर्ग मीटर क्षेत्र वाले बफर यार्ड को जेएनपीए को सौंप दिया है ।

23. धारा 80 आई.ए. के दावे :

पत्तन ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित बुनियादी सुविधाओं के लिए आयकर अधिनियम की धारा 80 आई.ए. के तहत कर में लाभ पाने के लिए कटौती का दावा किया है ;

क) मे. गेटवे टर्मिनल ऑफ इंडिया प्रा. लि. (एपीएम टर्मिनल/जीटीआइपीएल) से अर्जित राजस्व।

ख) वर्ष 2011-12 में खरीदकर संस्थापित की गईं तीन रेल माउंटेड की क्रेनें (आरएमकयूसी)।

ग) वर्ष 2007-08 में खरीदकर संस्थापित की गईं दो रेल माउंटेड गंत्री क्रेनें (आरएमजीसी)।

घ) वर्ष 2012-13 में संस्थापित की गईं एक रेल माउंटेड क्वे क्रेन (आरएमकयूसी)

ङ) वर्ष 2012-13 में संस्थापित की गईं एक रेल माउटेंड गंत्री क्रेन (आरएमजीसी)।

इसे ध्यान में रखा जाए कि दि.5 अगस्त, 2020 को हुई दुर्घटना में आरएमक्यूसी 6,7 एवं 8 पूरी तरह से नष्ट हुए थे और आरएमक्यूसी 5 एवं 9 अंशत: क्षतिग्रस्त हुए थे । आरएमक्यूसी 6,7 एवं 8 को अब क्षति से बचा लिया गया है, आरएमक्यूसी 9 की मरम्मत की गई है तथा आरएमक्यूसी 5 की अभी मरम्मत की जा रही है।

24.निगमित सामाजिक दायित्व देयता :

समाज और पर्यावरण पर पत्तन की गतिविधियों के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों को देखते हुए पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने दिनांक - 28 जून, 2023 के परिपत्र सं. पीडी-120219/1/2020-पीडी.-VI (IV) द्वारा सभी पत्तनों को निदेश दिया कि यदि पिछले वित्त वर्ष में पत्तन का निवल लाभ रु. 500 करोड़ या उससे अधिक हो तो वे निगमित सामाजिक दायित्व की गतिवधियों के लिए 0.5 से 2.0 प्रतिशत तक की राशि उपलब्ध करवाएँ । मण्डल संकल्प सं. 89, दिनांक 15.01.2016 के अनुसार, मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निगमित सामाजिक दायित्व देयता का सृजन करने का संकल्प किया गया।

दिनांक 01.04.2023 को निगमित सामाजिक दायित्व निधि में रु. 43.89 करोड़ की राशि शेष है जिसमें से रु. 1.44 करोड़ की राशि मण्डल द्वारा अनुमोदित विभिन्न परियोजनाओं पर खर्च की गई । वर्ष 2023-24 के दौरान रु. 13.46 करोड़ की राशि निगमित सामाजिक दायित्व निधि के लिए विनियोजित की गई है । वित्त वर्ष 2023-24 से ज.ने. प. प्राधिकरण निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व को वर्तमान देयता के रूप में मान्यता देता है।

25.अधिशेष फंड का ओवरनाइट फंड में निवेश - प्रत्यक्ष योजना :-

अगस्त 2022 से, जेएनपीए अपने अधिशेष फंड को ओवरनाइट फंड स्कीम – आय/रिटर्न को अधिकतम करने के लिए प्रत्यक्ष योजना में निवेश कर रहा है । जेएनपीए अपने अधिशेष फंड को गैर-कार्य दिवसों (शुक्रवार) से एक दिन पहले निवेश करता है और उसे अगले कार्य दिवसों (सोमवार) को भुनाता है और साथ ही फंड को बचत बैंक खाते में रखने के बजाय विशिष्ट देयता को पूरा करने हेतु भी अल्प कालिक अवधि के लिए इस योजना में निवेश किया जाता है । ऐसा करके, जेएनपीए ने बचत खाते की ब्याज दर से अधिक आय/रिटर्न अर्जित किया ।

26. घुमावदार (ज़िगज़ैग) सीमा मुद्दा – अब तक किए गए कार्य - पृष्ठभूमि :-

सिडको ने अन्य नोडों के क्षेत्रों के साथ ही नवी मुंबई के द्रोणागिरी नोड में 1250 हेक्टेयर में विशेष आर्थिक क्षेत्र का प्रस्ताव रखा है । नवी मुंबई के द्रोणागिरी नोड में सेक्टर 1,2 के पास और सेक्टर 16,17 के नजदीक और जेएनपीए परियोजना की सीमा से लगी भूमि जो सिडको द्वारा विकसित की जा रही है एन. एम. एस. ई. जेड. डेवलपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को उनके विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के

लिए पट्टा विलेख (लीज डीड) द्वारा वर्ष 2006 में सौंप दी गई थी । इन दोनों स्थानों पर सौंपे गए क्षेत्र में 8 गांवों यथा जासई, धुतुम, शेमतीखार, सावरखार, सोनारी, करल, पागोटे और फुंडे से ली हुई लगभग 56.77 हेक्टेयर (140.3 एकड़) भूमि शामिल है जो जेएनपीए के कब्जे में है क्योंकि इसे जेएनपीए के लिए अधिग्रहित किया गया था । फुंडे गांव से अधिग्रहित जेएनपीए की 2.07 हेक्टेयर (5.11 एकड़) भूमि का उपयोग सिडको द्वारा नोडल विकास के लिए सेक्टर 15 (द्रोणागिरी) में किया गया है । इस प्रकार जेएनपीए की कुल 58.84 हे. (145.4 एकड़) भूमि का उपयोग सिडको द्वारा किया गया है ।

(जेएनपीए - एसपीए संबंधित) घुमावदार (ज़िगज़ैग) सीमा का कार्य आज की तारीख तक पूरा हो गया है।

सिडको द्वारा उपयोग की गई ग्रामवार जेएनपीए भूमि को दर्शाने वाला विवरण तैयार किया गया ।

सिडको द्वारा उपयोग किए गए प्रत्येक गांव के क्षेत्र का सर्वेक्षण संख्या, हिस्सा दर्शाने वाला और उसे संबंधित गांव के नक्शे पर इसे चिह्नित विवरण ।

साथ ही, एन. एम. एस. ई. जेड. और नोडल विकास में उपयोग की गई जेएनपीए की भूमि को दर्शाने वाली योजनाएं भी तैयार की गई हैं।

इसमें कुल 205 सर्वेक्षण/हिस्सा नंबर शामिल हैं । सभी 205 सर्वेक्षण/हिस्सा नंबरों के 7/12 सरकारी वेबसाइट अर्थात् https://bhulekh.mahahumi.gov.in से डाउनलोड किए गए हैं । 205 सर्वे/हिस्सा नंबरों में से 203 सर्वेक्षण/हिस्सा नंबर पर जेएनपीए का नाम दर्ज है । सभी सर्वेक्षण/हिस्सा नंबरों की प्रतियां तैयार की गईं।

सिडको/एन. एम. एस. ई. जेड. द्वारा उपयोग किए गए क्षेत्र को भूमि सर्वेक्षण संख्या, गांव का नाम दर्शाने वाला ड्राइंग तैयार करके सिडको को प्रस्तुत किया गया है।

सिडको ने उक्त ड्राइंग को एनएमएसईज़ेड के साथ साझा किया है ताकि वे एनएमएसईज़ेड की सीमा का सत्यापन कर सके । बाद में यह पाया गया कि सीमा में मामूली अंतर था।

जेएनपीए ने सिडको से द्रोणागिरी की समन्वित ड्राइंग साझा करने के लिए कहा और ड्राइंग में पाए गए अंतर को जेएनपीए द्वारा सत्यापित और ठीक किया गया।

द्रोणागिरी नोड [घुमावदार (ज़िग-ज़ैग सीमा)] में सिडको द्वारा उपयोग किए गए क्षेत्र की अंतिम संशोधित ड्राइंग सिडको को प्रस्तुत की गई थी । सिडको से इस मामले को अंतिम रूप देने का अनुरोध किया गया है।

जेएनपीए के अध्यक्ष ने 9 जून 2023 को सिडको के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर घुमावदार (जिग-जैग) सीमा के मुद्दे को हल करने के लिए सिडको और जेएनपीए अधिकारियों की संयुक्त समिति बनाने को कहा । इस पत्र के जवाब में सिडको के प्रबंध निदेशक ने 3 जुलाई 2023 के आदेश द्वारा सिडको और जेएनपीए अधिकारियों की संयुक्त समिति का गठन किया ।

समिति की बैठक 12 दिसंबर 2023 को अपर कलेक्टर और मुख्य भूमि और सर्वेक्षण अधिकारी,

सिडको द्वारा आयोजित की गई थी । इस बैठक में सिडको द्वारा उपयोग की जाने वाली जेएनपीए भूमि को अंतिम रूप देने के लिए महाराष्ट्र सरकार के उप अधीक्षक भूमि अभिलेख, उरण से सरकारी माप कराने का निर्णय लिया गया । माप रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद सिडको और जेएनपीए संयुक्त रूप से मामले का फैसला करेंगे ।

तदनुसार, जेएनपीए ने मार्च और अप्रैल 2024 में विवादित घुमावदार (जिग-जैग) सीमा क्षेत्रों की माप के लिए उप अधीक्षक भूमि अभिलेख, उरण को आवेदन किया है । मांग-पत्र प्राप्त होने पर, जेएनपीए ने महाराष्ट्र सरकार को माप-शुल्क का भुगतान कर दिया है । सरकारी सर्वेक्षण-चित्र प्राप्त होने के बाद, मामले को निपटान के लिए सिडको के समक्ष उठाया जाएगा ।

27. मेसर्स एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के साथ निधि प्रबंधक (फंड मैनेजर) के रूप में करार

पत्तन की अधिशेष निधि के निवेश के संबंध में, पोत-परिवहन मंत्रालय के दिशानिर्देशों के आधार पर ज. ने. प. प्राधिकरण ने निधि प्रबंधन सेवाओं के लिए मेसर्स एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के साथ एक करार किया है । जेएनपीए ने 30.03.2021 को मेसर्स एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (एल. एम. एफ. ए. एम. एल.) के माध्यम से 50 करोड़ रुपये के अधिशेष निधि का प्रारंभिक निवेश किया है और बाद में 15.07.2021 को मेसर्स एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (एल. एम. एफ. ए. एम. एल.) के माध्यम से 50 करोड़ रुपये का और निवेश किया है।

जेएनपीए ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान एलआईसी एम. एफ. ए. एम. एल. से विभिन्न प्रतिभूतियों में रखी 72,30,14,079.03/- रुपये की धनराशि वापस ले ली है और निवेश पर अधिकतम रिटर्न प्राप्त करने के लिए उसी धनराशि को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के टीडीआर में निवेश किया था।

31 मार्च 2023 तक, केवल एक प्रतिभूति सुरक्षा अर्थात जीएसईसी 5.22% भारत सरकार 15 जून, 2025 एलआईसी एम. एफ. ए. एम. एल. के पास है, जिसका मूल्य 34,40,74,375.82/- रुपये मात्र है । उक्त प्रतिभूति भी मई, 23 में समय से पहले परिपक्व हो गई थी और बेहतर ब्याज दर को देखते हुए आय को टीडीआर में फिर से निवेश किया गया था।

28. जवाहरलाल नेहरू पत्तन में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से अतिरिक्त द्रव कार्गो घाट एल बी 3 और एल बी 4 को सुसज्जित करना, प्रचालन करना, अनुरक्षण और हस्तांतरण करना

1. परियोजना का नाम: जवाहरलाल नेहरू पत्तन में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से अतिरिक्त द्रव कार्गो घाट एल बी 3 और एल बी 4 को सुसज्जित करना, प्रचालन करना, अनुरक्षण और हस्तांतरण करना।

2. परियोजना लागत: 68.87 करोड़ रुपये (पीपीपी ऑपरेटरों के लिए)

3. परियोजना का संक्षिप्त विवरण: यह परियोजना 30 वर्ष की रियायत अवधि के लिए जवाहरलाल नेहरू पत्तन में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से अतिरिक्त द्रव कार्गो घाट एल बी 3 और एल बी 4 को सुसज्जित करने, प्रचालन करने, अनुरक्षण और हस्तांतरण करने के सम्बंध में है ।»

क. जेट्टी की विशिष्टता :

विवरण	**एएलसीबी यथा एलबी3/एलबी4**	
	एलबी3	एलबी4
घाट की लम्बाई (मी.)	300^	300^
अनुमत एलओए (मी.)	285	285
क्षमता (एमटीपीए)	4.5^^	
प्रहस्तित कार्गो (टन में)	टर्मिनल का निर्माण किया गया । जेटी का निर्माण जवाहरलाल नेहरू पत्तन अधिकरण द्वारा अभियांत्रिकी, प्रापण एवं निर्माण आधार पर आंतरिक निधिकरण के माध्यम से किया गया । उपकरण और प्रचालन व अनुरक्षण के कार्य सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से किए जाने हैं। जेटी का निर्माण पूरा हो गया है ।	
अनुमत जलयान डुबाव (मी.)	14.8	11.8

ख. जेट्टी का उद्देश्य :

- मौजूदा बीपीसीएल लिक्विड जेटी पर दबाव कम करना और अतिरिक्त लिक्विड कार्गो की मांग को पूरा करना ।
- जलयान के प्रतीक्षा संबंधी मौजूदा विषय पर ध्यान देना ।
- अंतर्देशीय क्षेत्र में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त क्षमता प्रदान करके व्यापार को लाभ पहुँचाना
- उपयोगकर्ताओं के लिए विलंब शुल्क में कमी
- बड़े पार्सल आकार वाले बड़े जहाजों के लिए योजना बनाई गई
- बेहतर ग्राहक सेवा और नए ग्राहकों और अतिरिक्त मात्रा को आकर्षित करने की संभावना
- कार्गो उत्पादन (थ्रूपुट) में वृद्धि और इसलिए जेएनपीए को रॉयल्टी और जलयान संबंधी शुल्क दोनों के सम्बंध में राजस्व आय में वृद्धि हुई ।

ग. सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी के प्रचालकों का कार्य क्षेत्र

1	उत्पाद पाइपलाइनों का (19 संख्या) एलबी 1/2 से एलबी 3/4 तक विस्तार
2	उपयोगिता पाइपलाइनों (4 संख्या) का एलबी 1/2 से एलबी 3/4 तक विस्तार
3	नए समुद्री लोडिंग आर्म्स का संस्थापन
4	एलबी1/2 से एलबी 3/4 तक विस्तारित पाइपलाइनों हेतु पाइप रैक के लिए सिविल और संरचनात्मक कार्य
5	आवश्यक अनुमोदन जैसे कि पीईएसओ, डॉक सुरक्षा और अन्य सभी वैधानिक अनुमोदन प्राप्त करें । रियायतकर्ता, ऐसे वैधानिक अनुमोदन प्राप्त करने के लिए जेएनपीए द्वारा प्रदान किए गए के अलावा सभी आवश्यक उपकरण/स्थापना प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है ।
6	एलबी 3/4 के लिए बिजली और प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्त प्रणाली की संस्थापना और नए नियंत्रण कक्ष से एमएलए/अन्य के लिए एलबी 3/4 पर इंस्ट्रूमेंटेशन कंट्रोल सिस्टम
7	नाइट्रोजन सुविधा का संस्थापन

निविदा प्रक्रिया :

इस परियोजना के लिए ऑपरेटर के चयन हेतु पत्तन ने एकल चरण दो कवर प्रणाली को अपनाया था ।

मंजूरी का विवरण और बोली प्रक्रिया की समय-सीमा :

क्र.सं.	दिनांक	कार्यक्रम का विवरण
1	31 मई, 2022	जेएनपीए द्वारा एसएफसी प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना
2	3 मार्च, 2023	एसएफसी की बैठक
3	10 मार्च, 2023	एसएफसी द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी दी गई
4	13 मार्च, 2023	जेएनपीए द्वारा अर्हता हेतु अनुरोध (आरएफक्यू)/ प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) जारी किया गया
5	5 जून, 2023	अर्हता हेतु अनुरोध (आरएफक्यू) बोलियाँ खोली गईं
6	9 जून, 2023	सुरक्षा-मंजूरी के लिए बोलीदाताओं के आवेदन पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय को प्रस्तुत किए गए

क्र.सं.	दिनांक	कार्यक्रम का विवरण
7	26 जुलाई, 2023	वरिष्ठ स्तरीय समिति द्वारा बोली मूल्यांकन का मूल्यनिरूपण (अप्रेज़ल) और सिफारिशें
8	8 सितम्बर, 2023	तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं पर जेएनपीए के बोर्ड की मंजूरी
9	6 फरवरी, 2024	सभी बोलीदाताओं के लिए पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय से सुरक्षा-मंजूरी प्राप्त हुई
10	9 फरवरी, 2024	वित्तीय बोलियाँ खोली गईं
11	19 फरवरी, 2024	सबसे सफल बोलीदाता मेसर्स जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को आशय-पत्र जारी किया गया
12	20 फरवरी, 2024	मेसर्स जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा आशय-पत्र (लेटर ऑफ इंटेंट) स्वीकार किया गया

एकल चरण में दो प्रस्तुतियाँ शामिल हैं :

प्रस्तुति 1: अर्हता हेतु अनुरोध

प्रस्तुति 2: प्रस्ताव हेतु अनुरोधअर्हता हेतु अनुरोध (आरएफक्यू)

मूल्यांकन के आधार पर, सभी सात भाग लेने वाले बोलीदाताओं को जेएनपीए के बोर्ड द्वारा योग्य घोषित किया गया। योग्य बोलीदाताओं का विवरण इस प्रकार है :

क्र.सं.	बोलीदाता का नाम
1	मेसर्स गणेश बेंज़ोप्लास्ट लिमिटेड-डीवीपी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (कंसोर्टियम)
2	मेसर्स एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड
3	मेसर्स जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
4	मेसर्स जे एम बैक्सी पोर्ट्स एंड लॉजिस्टिक्स लिमिटेड
5	मेसर्स भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
6	मेसर्स अम्मा लाइन्स प्राइवेट लिमिटेड-बीओएमएस प्राइवेट लिमिटेड (कंसोर्टियम)
7	मेसर्स आईएमसी लिमिटेड

इसके बाद, 06.02.2024 को सात योग्य बोलीदाताओं के लिए सुरक्षा मंजूरी प्राप्त की गई और योग्य बोलीदाताओं की प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) बोलियां 09.02.2024 को खोली गईं। मेसर्स जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की 252 रुपये प्रति मीट्रिक टन के वित्तीय प्रस्ताव को सबसे ऊंची बोली पाया गया और तदनुसार, उन्हें पत्र संख्या जेएनपी/चेयरमैन/एएलसीबी/पीपीपी/2024/1448 दिनांक 19.02.2024 के माध्यम से 'आशय पत्र' जारी किया गया ।

5. परियोजना अनुसूची :

'आशय पत्र' प्राप्त करने के बाद मेसर्स जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 13.03.2024 को एक एसपीवी «जेएसडब्ल्यू जेएनपीए लिक्विड टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड» के रूप में शामिल किया गया है । पार्टियों के बीच 08.04.2024 को रियायत करार पर हस्ताक्षर किए गए। रियायती करार पर हस्ताक्षर करने के छह महीने के भीतर रियायती को पूर्व शर्तों को पूरा करना होगा, जिसे रियायत के करार की तारीख के रूप में माना जाएगा । रियायत के करार की तारीख से निर्माण का चरण 18 महीने का होगा और रियायत अवधि 30 साल की अवधि के लिए प्रभावी होगी ।

29. सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से उथला जल घाट (एसडब्ल्यूबी) सुविधा और नवनिर्मित तटीय घाट (सीबी) का उन्नयन करना, सुसज्जित करना, प्रचालन करना, अनुरक्षण और हस्तांतरण करना

परियोजना लागत (करोड़ रुपये में): 343 करोड़

परियोजना का संक्षिप्त विवरण :

इस परियोजना का उद्देश्य उथला जल घाट (एसडब्ल्यूबी) और तटीय घाट परियोजना का 30 वर्षों के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से उन्नयन करना, सुसज्जित करना, प्रचालन करना, अनुरक्षण और हस्तांतरण करना है ।

उथला जल घाट (एसडब्ल्यूबी) 445 मीटर लंबा प्रचालन टर्मिनल है, जिसमें ~ 9.55 हेक्टेयर बैक अप भूमि है, जो जेएनपीए सीमा शुल्क बाधित क्षेत्र के अंदर स्थित है। उथला जल घाट तटीय और आयात-निर्यात (एक्जिम) यातायात दोनों को संभाल सकता है । जेएनपीए ने उथला जल घाट में एक रो-रो प्लेटफॉर्म का निर्माण किया है और उक्त रो-रो प्लेटफॉर्म की लंबाई 125 मीटर है । इसलिए उथला जल घाट के पास 445 मीटर की मूल घाट-लंबाई तुलना में जलयान घाटायन के लिए 320 मीटर घाट-लंबाई बची है । उथले पानी के घाट पर प्रहस्तन की जाने वाली प्रमुख वस्तुएं सीमेंट, तरल पदार्थ, परियोजना कार्गो, कंटेनर आदि हैं । टर्मिनल की अनुमानित क्षमता 4 एमटीपीए है।

तटीय घाट (सीबी) 250 मीटर लंबा, नवनिर्मित टर्मिनल है, जिसमें 9.0 हेक्टेयर बैक अप भूमि है, जो सीमा शुल्क बाधित क्षेत्र के बाहर, चौथे कंटेनर टर्मिनल और प्रचालन घाट के ठीक बगल में स्थित है । तटीय

घाट का निर्माण तटीय कार्गो को बढ़ावा देने के लिए पोत परिवहन मंत्रालय की योजना के तहत किया गया था । तटीय घाट पर प्रहस्तन करने के लिए प्रस्तावित प्रमुख वस्तुएं सीमेंट, स्टील और कंटेनर हैं । तटीय घाट की अनुमानित क्षमता 2.8 एमटीपीए है।

परियोजना अनुसूची:

परियोजना को निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार कार्यान्वित किया जाना है:

(क) तटीय घाट पर परियोजना सुविधाओं का निर्माण और सेवाओं को रियायत अवधि के प्रारंभ होने की तारीख से 36 महीने के भीतर पूरा किया जाना है और

(ख) उथले घाट पर परियोजना सुविधाओं का निर्माण और सेवाओं को रियायत अवधि के प्रारंभ होने की तारीख से 24 महीने के भीतर पूरा किया जाना है।

बोली प्रक्रिया और रियायत का अधिनिर्णय

(क) पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने अपने पत्र संख्या PD-13/110/2021-PPP/e-350001 दिनांक 20 जनवरी, 2022 के द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से उथला जल घाट (एसडब्ल्यूबी) सुविधा और नवनिर्मित तटीय घाट (सीबी) के उन्नयन , सुसज्जित करने, प्रचालन, अनुरक्षण और हस्तांतरण करने पर जवाहरलाल नेहरू पत्तन के प्रस्ताव के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन सूचित किया है।

(ख) जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जेएनपीए) ने 04 फरवरी 2022 को अर्हता हेतु अनुरोध (आरएफक्यू) दस्तावेज और प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) जारी किया, जिसका उद्देश्य प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) दस्तावेज के अनुसार अर्हता-पूर्व चरण (प्रस्तुति 1) और बोली प्रस्ताव (प्रस्तुति 2) के लिए आवेदकों को लघु सूचीकरण (शॉर्टलिस्टिंग) करने के लिए अर्हता हेतु आवेदन आमंत्रित करना था, जिसकी अंतिम तारीख 5 अप्रैल 2022 थी, जिसे बाद में 23.05.2022 तक बढ़ा दिया गया था।

(ग) बोली प्रस्तुति की नियत तारीख, यानी 23.05.2022 को, निम्नलिखित 5 पक्षों ने अपने संघ के सदस्यों के साथ अर्हता हेतु अनुरोध (आरएफक्यू) और प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) बोली-दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, जैसा कि नीचे विस्तार से बताया गया है।

क्र. सं.	बोलीदाता का नाम	संघ (कंसोर्टियम)/ संयुक्त उद्यम (जे वी) सदस्य
1	मेसर्स योगायतन पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड	मेसर्स मैन इंफ्रा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के साथ
2	मेसर्स बोथरा शिपिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	एकल इकाई
3	मेसर्स जे.एम.बक्सी पोर्ट्स एंड लॉजिस्टिक्स लिमिटेड	एकल इकाई
4	मेसर्स जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड	एकल इकाई
5	मेसर्स अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड	एकल इकाई

(घ) उपर्युक्त पांच आवेदकों में से, निम्नलिखित चार आवेदकों को सभी तकनीकी, वित्तीय और प्रचालन एवं अनुरक्षण सम्बंधी मूल्यांकन मापदंडों के आधार पर अर्हता हेतु अनुरोध (आरएफक्यू) चरण में पूर्व-योग्य और लघु सूचीकृत (शॉर्टलिस्ट) किया गया।

बोलीदाता सं.	आवेदक का नाम	संघ (कंसोर्टियम) सदस्य
1	मेसर्स योगायतन पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड – मेसर्स मैन इंफ्रा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड (जेवी)	मेसर्स मैन इंफ्रा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड (तकनीकी सदस्य)
2	मेसर्स बोथरा शिपिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	लागू नहीं
3	मेसर्स जे एम बक्सी पोर्ट्स एंड लॉजिस्टिक्स लिमिटेड	लागू नहीं
4	मेसर्स जे. एस. डब्ल्यू. इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड	लागू नहीं

(च) 06.10.2023 को बोलीदाताओं के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा मंजूरी प्राप्त होने पर, मूल्यांकन आरएफपी के पूरा होने के बाद, मेसर्स जेएम बक्सी पोर्ट्स एंड लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (मेसर्स जेएमबीपीएल) को दिनांक 13.10.2022 के जेएनपी/ट्रैफिक/सीएमटी/2022/623 पत्र के माध्यम से रु. 84.44/- प्रति एमटी (तटीय कार्गो) की उनकी उद्दत रॉयल्टी दर पर अधिनिर्णय-पत्र (एलओए) जारी किया गया।

(छ) मेसर्स जेएमबीपीएल ने एक एसपीवी "न्हावा शेवा डिस्ट्रीब्यूशन टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड" (एन. एस. डी. टी. पी. एल.) को शामिल किया और जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण और न्हावा शेवा डिस्ट्रीब्यूशन टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड ने 15.11.2022 को रियायत करार पर हस्ताक्षर किए हैं।

(ज) मेसर्स न्हावा शेवा डिस्ट्रीब्यूशन टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड को 26.05.2023 से तीस साल की अवधि के लिए रियायत दी गई।

(झ) जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण ने रियायत करार के परिशिष्ट 2 में उल्लिखित परिसंपत्तियों को रियायत दिए जाने की तारीख यानी 26.05.2023 को मेसर्स न्हावा शेवा डिस्ट्रीब्यूशन टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एनएसडीटीपीएल) को सौंप दिया। मेसर्स एनएसडीटीपीएल को सौंपी गई परिसंपत्तियों को अचल परिसंपत्ति रजिस्टर में रखा गया है और पत्तन की लेखा-नीति के अनुसार उन पर मूल्यह्रास लगाया गया है।

उथले पानी के घाट और तटीय घाट पर एन. एस. डी. टी. पी. एल. द्वारा प्रहस्तित कार्गो :

एन. एस. डी. टी. पी. एल. ने टर्मिनल का अधिकार संभालने के बाद 26 मई, 2023 से टर्मिनल का वाणिज्यिक प्रचालन शुरू कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान उथले पानी के घाट और तटीय घाट पर एन. एस. डी. टी. पी. एल. द्वारा प्रहस्तित कार्गो निम्नानुसार है:

क्र. सं.	वर्ग	जलयानों की संख्या	मात्रा (एमटी)
1	ब्रेक बल्क	55	216856
2	सीमेंट	76	1349520
3	द्रव	170	577529
4	कंटेनर	19	7948 (टीइयू) / 121092
5	योग	320	7948 (टीइयू) / 2264897

जेएनपीए ने 29 जुलाई 2022 के रियायत करार के तहत मेसर्स एन. एस. एफ. टी. पी. एल. को यूएमओटी मोड के तहत रियायत दी है, जिसके तहत परिशिष्ट 2 में उल्लिखित कुछ पहचानी गई संपत्तियां रियायतकर्ता को 680 मीटर घाट के कंटेनर घाट के उन्नयन, प्रचालन, अनुरक्षण और हस्तांतरण (यूओएमटी मॉडल) हेतु 30 साल की रियायत अवधि के लिए 281.82 करोड़ रुपये के अग्रिम शुल्क पर सौंप दी गई हैं। इस लेन-देन का वित्तीय पट्टे के रूप में वित्तीय वर्ष 2022-23 की लेखो पर टिप्पणियों में गलती से उल्लेख किया गया था।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि अचल परिसंपत्तियों और सौंपे जाने वाले पुर्जों का शेष जीवन 30 वर्ष की रियायत अवधि से कम है, जेएनपीए ने इस संबंध में निम्नलिखित लेखांकन प्रबंध दिया है:

(क) 281.82 करोड़ रुपये के अग्रिम शुल्क को रियायत अवधि में सेवा आय के रूप में समान रूप से माना जाएगा

(ख) अचल परिसंपत्तियों की वहन लागत को जेएनपीए की बहियों में बनाए रखा जाएगा और जेएनपीए की नियमित प्रथा के अनुसार इन अचल परिसंपत्तियों के लिए मूल्यह्रास प्रदान किया जाएगा और

(ग) वित्तीय वर्ष 2023-24 में 156,878,780.21/- रुपये मूल्य की वर्तमान परिसंपत्तियों को सौंपने का काम पूरा हो गया है और उन्हें व्यय कर दिया गया है।

31.जेएनपीए विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) : -

जेएनपीए ने पत्तन न्यास के स्वामित्व वाली 277.38 हेक्टेयर क्षेत्र में एक पत्तन आधारित बहु-उत्पाद विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) को विकसित करने का काम हाथ में लिया है । उक्त परियोजना पत्तन परिसर के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और पत्तन संचालन को पूरक करने के साथ-साथ क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से जेएनपीए द्वारा की गई एक प्रमुख आधारिक संरचनात्मक विकास पहल है । जेएनपीए के करीब होने के कारण, यह परियोजना आयातित कच्चे माल की तत्काल उपलब्धता, वैश्विक बाजारों तक पहुँच और मजबूत मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी प्रदान करती है । नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन, (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) रेल कॉरिडोर, ट्रांस-हार्बर रोड लिंक (एमटीएचएल) सहित आगामी मल्टीमॉडल आधारिक संरचना परियोजनाओं तक पहुँच के कारण जेएनपीए एसईजेड देश के एक महत्वपूर्ण विनिर्माण केंद्र के रूप उभरेगा । जेएनपीए एसईजेड का लक्ष्य पत्तन आधारित औद्योगीकरण में एक नया मानदंड स्थापित करना है, और इस प्रकार पोत परिवहन मंत्रालय के सागरमाला परियोजना के 'पत्तन आधारित औद्योगीकरण' की परिकल्पना (विज़न) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । एसईजेड में अन्य के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण, अभियांत्रिकी, सौंदर्य प्रसाधन, वाहनों के पुर्जे, फार्मास्यूटिकल्स, वेयरहाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज जैसे एमएसएमई क्षेत्र के लिए निवेश के अवसर हैं । इसमें एक मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) भी विकसित किया जा रहा है जो इस परियोजना के महत्व को और भी बढ़ा देगा । जेएनपीए को एसईजेड अधिनियम प्रावधानों के अनुसार महाराष्ट्र सरकार द्वारा विशेष योजना प्राधिकरण (एसपीए) और विद्त वितरण लाइसेंसधारी का दर्जा दिया गया है, जेएनपीए एसईजेड क्षेत्र के लिए विकास नियंत्रण विनियमन को महाराष्ट्र सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है, जो जेएनपीए एसईजेड में स्थापित होने वाली इकाइयों के लिए एकल खिड़की मंजूरी की सुविधा प्रदान करने में जेएनपीए को सक्षम बनाता है । इस प्रकार जेएनपीए एसईजेड का लक्ष्य औद्योगिक विकास के लिए एसईजेड भूमि की अधिकतम क्षमता का उपयोग करना है । पर्यावरणीय मंजूरी एवं स्थापना हेतु सहमति प्राप्त हो गई है। जेएनपीए ने एक मजबूत बिजली वितरण प्रणाली विकसित की है जिसमें हमारे लाइसेंस क्षेत्र में स्थित उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली की आपूर्ति करने के लिए डाउनस्ट्रीम भूमिगत केबल नेटवर्क और 11/33 केवी के वितरण सबस्टेशन के साथ 33/220 केवी मुख्य रिसिविंग सबस्टेशन शामिल है । वर्तमान में जेएनपीए एसईजेड निवेशकों को 60 साल की लीज पर जमीन आबंटित कर रहा है । आबंटन पारदर्शी ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है । जेएनपीए एसईजेड 277 हेक्टेयर भूमि में से 162 हेक्टेयर (400 एकड़) 60 साल के पट्टे पर आबंटित करेगा । कुल 45 निवेशकों को जेएनपीए एसईजेड में लगभग 101 हेक्टेयर (@250 एकड़) जमीन आबंटित की गई है, जिसमें मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) हेतु मेसर्स न्हावा शेवा बिजनेस पार्क (एनएसबीपीएल) के लिए आबंटित 85 एकड़ जमीन शामिल है । जेएनपीए एसईजेड में 10 इकाइयों ने अपना पहला चालान तैयार किया है और उन्हें परिचालित इकाई घोषित किया गया है और इस प्रकार जेएनपीए एसईजेड अब पूरे भारत में पहला पत्तन आधारित परिचालित बहु उत्पाद एसईजेड है । अन्य 3 इकाइयों ने अपनी निर्माण गतिविधियाँ शुरू कर दी हैं और जल्द ही अपना प्रचालन शुरू करने की योजना बना

रही हैं । मेसर्स एनएसबीपीएल ने उन्हें आबंटित भूखंड पर अपनी एफटीडब्ल्यूजेड इकाई को आंशिक रूप से शुरू कर दिया है । जेएनपीए-एसईजेड ने आपूर्ति क्षेत्र में वितरण लाइसेंसधारी के रूप में अगस्त, 2021 में अपना कार्य आरंभ किया है । आज तक 23 उपभोक्ताओं को (जेएनपी एसईजेड उपयोगिता के ग्यारह सहित) विद्त आपूर्ति प्रदान की गई है और ऊर्जा बिलिंग का कार्य वितरण लाइसेंसधारी द्वारा किया जाता है।

क्र. सं.	विवरण	अभ्युक्ति
1	यूनिट धारकों की संख्या	45 (23 करार निष्पादित किए गए तथा शेष प्रक्रियाधीन हैं)
2	कुल प्राप्त अग्रिम भुगतान	रु.911,21,76,639.20/-
3	प्राप्त करने योग्य शेष अग्रिम भुगतान	रु.364,69,39,938.31/-
4	एसईजेड अचल संपत्तियाँ	रु.643,20,30,780/-
5	एसईजेड चालू पूंजीगत कार्य	रु.26,78,92,485.71

32. चालू वित्त वर्ष से, पत्तन ने सीधी रेखा पद्धति (स्ट्रेट लाइन मेथड) से अग्रिम आय को मान्यता दी है, जिसके तहत अग्रिम में प्राप्त पूरी अग्रिम आय को पट्टे की अवधि में मान्यता दी जाती है । लेखांकन पद्धति में, वित्त वर्ष 19-2018 के आगे से पूर्वव्यापी रूप से किया गया है, जिससे वित्त वर्ष 24-2023 में संपदा आय में 45.80 करोड़ रुपये की कमी आई है।

33. लेखा नीतियां और वार्षिक विवरणों का प्रारूप:

केंद्र सरकार ने 3 नवंबर 2021 से महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 को प्रभावी बना दिया है। सरकार ने महापत्तन प्राधिकरण (लेखा और लेखा परीक्षा) नियम, 2021 को भी अधिसूचित किया है।

महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम की धारा 44(1) के अनुसार, बोर्ड भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में वार्षिक लेखा विवरण तैयार करेगा। 31 जनवरी 2023 को आयोजित भारतीय पत्तन संघ की 195वीं सामान्य सभा की बैठक के अनुसार, एमपीए अधिनियम 2021 और महापत्तन प्राधिकरण (लेखा और लेखा परीक्षा नियम), 2021 के तहत महापत्तन प्राधिकरणों के वार्षिक लेखों की सामान्य संरचना के विकास का कार्य करने के लिए भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) लेखा अनुसंधान फाउंडेशन की नियुक्ति हेतु वित्त और निवेश पर विभागीय स्थायी समिति (डीएससी) की सिफारिश को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है और तदनुसार

आईसीएआई को 17 फरवरी 2023 का कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। आईसीएआई के साथ उपर्युक्त मुद्दे पर चर्चा करने के लिए पहली प्रारंभिक बैठक 13 अप्रैल 2023 को हुई थी और नवीनतम बैठक 14 मार्च, 2024 को आयोजित की गई थी।

चूंकि उपर्युक्त घटनाक्रमों के अनुसार उक्त प्रारूप अभी भी प्रतीक्षित है, इसलिए पत्तन ने मौजूदा लेखा नीतियों और वार्षिक विवरणों के प्रारूप का पालन किया है, जिनका उपयोग पत्तन द्वारा 3 नवंबर 2021 से पहले किया गया था।

34. प्रस्तुतीकरण में एकरूपता तथा समानता बनाए रखने के लिए जहाँ भी आवश्यक था पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनर्समूहित/फिर से तैयार किया गया है ।

(गौतम कुमार दास)
महाप्रबंधक (वित्त)

(उन्मेश शरद वाघ, आईआरएस)
अध्यक्ष

लेखा रिपोर्ट और उस पर की गई कार्रवाई 2023-24

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण, मुंबई के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट के संबंध में पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई टिप्पणियां

1. महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 की धारा 44(2) के साथ पठित नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम,1971 की धारा 19(2) के अंतर्गत हमने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण के संलग्न तुलनपत्र और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि लेखे की लेखापरीक्षा की है । यह वित्तीय विवरण जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण प्रबंधन का उत्तरदायित्व हैं। हमारी जिम्मेदारी इन वित्तीय विवरणों पर अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर राय देना है।

2. इस पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में केवल वर्गीकरण, सर्वश्रेष्ठ लेखाकरण नीतियों के साथ अनुरूपता, लेखाकरण मानकों तथा प्रकटीकरण मानकों आदि के संबंध में लेखाकरण प्रक्रिया पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों का समावेश है । विधि, नियमों एवं विनियमों (औचित्य एवं नियमितता) के अनुपालन तथा प्रभावशीलता एवं निष्पादन पक्षों आदि के संबंध में वित्तीय लेन-देन पर यदि लेखा-परीक्षा के कोई प्रेक्षण होते हैं तो वे निरीक्षण रिपोर्टों / नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की लेखा परीक्षा रिपोर्ट के माध्यम से अलग से बताए जाते हैं।

3. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार की है । इन मानकों की अपेक्षा के अनुसार हम यह लेखा परीक्षा इस प्रकार करते हैं ताकि यह आश्वासन प्राप्त हो कि वित्तीय विवरणों में आर्थिक रूप से कोई गलत बयानी नहीं है । लेखापरीक्षा में राशियों के समर्थन में साक्ष्य और वित्तीय विवरणों में प्रकटन की नमूना आधार पर जाँच शामिल होती है । प्रयुक्त लेखाकरण सिद्धांतों का मूल्यांकन तथा प्रबंधन द्वारा किए गए महत्वपूर्ण प्राक्कलन और वित्तीय विवरणों के सम्पूर्ण प्रस्तुतीकरण का आकलन भी लेखा परीक्षा में शामिल होता है । हम विश्वास करते हैं कि हमारी लेखा-परीक्षा हमारे द्वारा दी गई राय के लिए एक उचित आधार प्रस्तुत करती है।

4. लेखा-परीक्षा के आधार पर हम सूचित करते हैं कि -

(i) हमने वे सभी सूचनाएँ और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखापरीक्षा करने के लिए आवश्यक थे ।

(ii) इस रिपोर्ट के तुलन-पत्र तथा लाभ एवं हानि लेखे महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम 2021 की धारा 44(1) के तहत न्यासी मंडल द्वारा अनुमोदित प्रपत्र में तैयार किए गए हैं ।

(iii) हमारी राय में और हमारे द्वारा की गई लेखा बहियों की जाँच से यह प्रतीत होता है कि जनेप प्राधिकरण ने महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 की धारा 44(1) के तहत अपेक्षित लेखा बहियों एवं अन्य सम्बद्ध अभिलेखों का उचित रख-रखाव किया है।

(iv) हम यह भी सूचित करते हैं कि :

क. तुलन-पत्र

निधियों की प्रयोज्यता

क.1 नियत परिसंपत्तियां

चल रहे पूंजी कार्य- ₹2777.76 करोड़ (अनुसूची-3)

(i) उपर्युक्त में ड्राइव थ्रू कंटेनर स्कैनर (DTCS) का मूल्य ₹5.01 करोड़ शामिल है। संतोषजनक परीक्षण के बाद, स्कैनर को 21 जनवरी 2023 को चालू किया गया, तथापि, इसे लेखा-बही में पूंजीकृत नहीं किया गया । पूर्ण किए गए कार्य का पूंजीकरण न किए जाने के परिणामस्वरूप सकल नियत परिसंपत्तियों को कम करके दिखाया गया है और चल रहे पूंजीगत कार्य को ₹5.01 करोड़ अधिक करके दिखाया गया है और मूल्यह्रास को भी कम करके दिखाया गया है और लाभ को ₹0.50 करोड़ अधिक करके दिखाया गया है ।

(ii) उपर्युक्त में आरएफआईडी आधारित गेट ऑटो मोशन सिस्टम के डिजाइन, विकास, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण, कमीशनिंग और अनुरक्षण का मूल्य ₹1.87 करोड़ शामिल है, जिसमें ऑनसाइट समर्थन और वार्षिक अनुरक्षण संविदा (ए.एम.सी.) के लिए ₹0.50 करोड़ शामिल हैं । यह कार्य 25 अगस्त 2016 को सौंपा गया था और अंतिम स्वीकृति प्रमाणपत्र 17 अप्रैल 2019 को जारी किया गया था। उक्त कार्य का कुछ हिस्सा 2019-20 में पूंजीकृत किया गया था, तथापि, ₹1.37 करोड़ की राशि अभी भी पूंजीकृत की जानी है।

पूर्ण हो चुके कार्यों का पूंजीकरण न करने तथा ऑनसाइट एवं वार्षिक अनुरक्षण संविदा (ए.एम.सी.) प्रभार न लगाने के परिणामस्वरूप सकल नियत परिसंपत्तियों को ₹1.37 करोड़ कम करके दर्शाया गया है, चल रहे पूंजीगत कार्य को ₹1.87 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है, व्यय को ₹0.50 करोड़ कम करके दर्शाया गया है, मूल्यह्रास को ₹0.98 करोड़ कम करके दर्शाया गया है तथा लाभ को ₹1.48 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है ।

(iii) उपर्युक्त में चिकेन रोड निर्माण का मूल्य ₹3.51 करोड़ शामिल है । चूंकि टर्मिनल को जोड़ने वाला मुख्य राजमार्ग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन था, इसलिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के भागीदार ने वाहनों द्वारा टर्मिनल तक पहुँच बनाने के लिए अस्थायी सड़क (चिकाना

रोड) का निर्माण किया । मई 2018 में, जब घाट को जोड़ने वाली मुख्य सड़क चालू हो गई, तो सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के भागीदार द्वारा बनाई गई अस्थायी सड़क की वाहनों के आवागमन के लिए ज़रूरत नहीं थी । जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण ने अप्रैल 2023 में सड़क की लागत यथा ₹3.51 करोड़ की प्रतिपूर्ति की।

चूंकि सड़क अस्थायी आधार पर तैयार की गई थी और अब इस्तेमाल के लायक नहीं थी, इसलिए राशि को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था। इसके परिणामस्वरूप, चल रहे पूंजीगत कार्य और लाभ को ₹3.51 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है ।

(iv) उपर्युक्त में करलफाटा इंटरचेंज के निर्माण और जेएनपीए के चौथे टर्मिनल (चरण II) से संयोजकता (कनेक्टिविटी) का मूल्य ₹67.47 करोड़ शामिल है । यह कार्य 30 जून 2021 को पूरा हुआ । पत्तन ने इसका पूंजीकरण नहीं किया है। पत्तन की लेखा-नीति संख्या 2(डी) के अनुसार, परिसंपत्तियों का पूंजीकरण केवल परियोजना के कार्यान्वयन की देख-रेख करने वाले विभाग से कार्य-समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त होने या परिसंपत्तियों की खरीद पर ही किया जाता है ।

लेखापरीक्षा ने पाया कि केवल कार्य-समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर परिसंपत्तियों को मान्यता देने की महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संख्या 2(डी) लेखांकन मानक 10 के अनुरूप नहीं है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु की लागत को मान्यता दी जानी चाहिए यदि यह संभावना है कि वस्तु से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ उद्यम में प्रवाहित होंगे और वस्तु की लागत को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है । लेखांकन मानक यह भी निर्दिष्ट करता है कि किसी परिसंपत्ति का मूल्यह्रास तब शुरू होता है जब वह उपयोग के लिए उपलब्ध होती है, यथा, जब वह प्रबंधन द्वारा इच्छित तरीके से प्रचालन करने में सक्षम होने के लिए आवश्यक स्थान और स्थिति में होती है ।

पूर्ण हो चुके कार्यों का पूंजीकरण न करने के परिणामस्वरूप, सकल नियत परिसंपत्तियों को ₹67.47 करोड़ कम करके दर्शाया गया है, चल रहे पूंजीगत कार्य को ₹67.47 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है, पूर्व-अवधि प्रभारों को ₹3.38 करोड़ कम करके दर्शाया गया है, मूल्यह्रास को ₹1.69 करोड़ कम करके दर्शाया गया है तथा लाभ को ₹5.07 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है ।

(v) उपर्युक्त में तटीय घाट के लिए चैनल के नौवहन क्षेत्र को गहरा करने का मूल्य ₹47.47 करोड़ शामिल है। यह कार्य मई 2022 में पूरा हुआ और मई 2023 में उपयोग के लिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र सहभागिता प्रचालक (पीपीपी ऑपरेटर) को सौंप दिया गया। पत्तन ने इसे पूंजीकृत नहीं किया है। पत्तन की लेखा-नीति संख्या 2(डी) के अनुसार, परिसंपत्तियों का पूंजीकरण केवल परियोजना के कार्यान्वयन की देख-रेख करने वाले विभाग से कार्य-समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त होने या परिसंपत्तियों की खरीद पर ही किया जाता है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि केवल कार्य-समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर परिसंपत्तियों को मान्यता देने की महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संख्या 2(डी) लेखांकन मानक 10 के अनुरूप नहीं है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु की लागत को मान्यता दी जानी चाहिए यदि यह संभावना है कि वस्तु से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ उद्यम में प्रवाहित होंगे और वस्तु की लागत को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है। लेखांकन मानक यह भी निर्दिष्ट करता है कि किसी परिसंपत्ति का मूल्यह्रास तब शुरू होता है जब वह उपयोग के लिए उपलब्ध होती है, यथा, जब वह प्रबंधन द्वारा इच्छित तरीके से प्रचालन करने में सक्षम होने के लिए आवश्यक स्थान और स्थिति में होती है। इस प्रकार, पूर्ण हो चुके कार्य का पूंजीकरण न करने के परिणामस्वरूप सकल नियत परिसंपत्तियों को कम करके दर्शाया गया है, चल रहे पूंजीगत कार्य को ₹47.47 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है, मूल्यह्रास को कम करके दर्शाया गया है तथा लाभ को ₹0.47 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है ।

क. 2 वर्तमान परिसंपत्तियाँ, ऋण और अग्रिम (अनुसूची-6)

निवेश पर प्रोदभूत ब्याज - ₹ 195.03 करोड़

रोकड़ और बैंक शेष (बैंकों में सावधि जमा रसीदों सहित) - ₹ 5602.41 करोड़

उपर्युक्त में ₹67.59 करोड़ की राशि शामिल है, जो सावधि जमा (12 फरवरी 2014) बनाने के लिए ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स को हस्तांतरित की गई थी और 31 मार्च 23 तक उस पर अर्जित ब्याज की राशि ₹89.06 करोड़ थी । पत्तन को कोई भी सावधि जमा रसीद जारी किए जाने से पहले, बैंक के एक कर्मचारी द्वारा मूलधन की राशि का दुरुपयोग किया गया था और मामला सीबीआई द्वारा जांच के अधीन है । अक्टूबर 2016 में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निस्तारण आयोग (एनसीडीआरसी) में एक मामला दायर किया गया था और एनसीडीआरसी ने मार्च 2023 में इसे खारिज कर दिया । उसी पर एक अपील सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है।

10 वर्ष की अवधि बीत जाने के बाद भी, जेएनपीए के पास 67.59 करोड़ रुपये की सावधि जमा रसीद नहीं है, मामला सीबीआई के पास जांच के अधीन है और एनसीडीआरसी ने अपील को खारिज कर दिया है, संदिग्ध निवेश और उस पर ब्याज के लिए प्रावधान बनाया जाना चाहिए था।

निवेश की संदिग्ध वसूली के लिए प्रावधान न करने के परिणामस्वरूप लाभ को ₹156.65 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया, रोकड़ और बैंक शेष को ₹67.59 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया तथा निवेश पर प्रोदभूत ब्याज को ₹89.06 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया।

यह प्रेक्षण 2013-14 से पृथक लेखापरीक्षा में शामिल किया जा रहा है ।

क.3 वर्तमान परिसंपत्तियाँ,

ऋण और अग्रिम (अनुसूची-6)

ऋण और अग्रिम ₹ 7706.81 करोड़

ठेकेदारों को अग्रिम: ₹ 352.24 करोड़

आकस्मिक अग्रिम बिल अनुभाग ₹ 43.45 करोड़

उपर्युक्त में 1 फरवरी 2024 से 31 मार्च 2024 की अवधि के लिए भुगतान किया गया बीमा प्रीमियम ₹ 2.56 करोड़ शामिल है। जेएनपीए ने 1 फरवरी 2024 से 31 जनवरी 2025 की अवधि के लिए ₹15.35 करोड़ की बीमा पॉलिसी ली है, लेकिन पूरी राशि ठेकेदारों को अग्रिम के तहत दर्ज की है।

इसके परिणामस्वरूप भुगतान किए गए अग्रिम को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है, व्यय को कम करके दिखाया गया है और लाभ को ₹ 2.56 करोड़ से अधिक करके दिखाया गया है।

ख. लाभ और हानि खाता

ख.1 बीओटी ठेकों से आय (अनुसूची 12): ₹1969.48 करोड़

(ए) बीएमसीटीपीएल से आय ₹561.14 करोड़

अन्य प्रभार बीएमसीटीपीएल- ₹19.69 करोड़

इसमें मार्च 2024 के महीने के लिए पर्यवेक्षण और प्रशासन प्रभार का मूल्य ₹0.60 करोड़ शामिल नहीं है । इसके परिणामस्वरूप, बीएमसीटीपीएल से प्राप्य राशियों को कम करके दिखाया गया और लाभ को ₹0.60 करोड़ से कम करके दिखाया गया ।

(बी) एनएसएफटीपीएल से आय: ₹34.34 करोड़

एनएसएफटीपीएल से अन्य प्रभार: ₹4.60 करोड़

अग्रिम में बिल की गई आय: ₹508.16 करोड़

उपर्युक्त में वर्ष 2023-24 के लिए पीपीपी ऑपरेटर मेसर्स न्हावा शेवा फ्रीपोर्ट टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एनएसएफटीपीएल) से प्राप्त होने वाले अग्रिम शुल्क के कारण ₹2.11 करोड़ शामिल नहीं हैं । ₹9.39 करोड़ के आनुपातिक अग्रिम शुल्क के मुकाबले, वर्ष के लिए केवल ₹7.28 करोड़ को आय के रूप में मान्यता दी गई है । अग्रिम शुल्क की कम मान्यता के परिणामस्वरूप आय और लाभ को कम करके दिखाया गया है और 'अग्रिम में बिल की गई आय' (वर्तमान देनदारियों) को ₹2.11 करोड़ कम करके दिखाया गया है।

इसी तरह, वर्ष 2022-23 के लिए, पत्तन ने ₹1.26 करोड़ की राशि के मुकाबले ₹0.58 करोड़ की राशि को मान्यता दी थी । इसके परिणामस्वरूप पूर्व अवधि आय व लाभ तथा 'अग्रिम में बिल की गई आय' (वर्तमान देनदारियाँ) को ₹0.68 करोड़ कम करके दर्शाया गया था।

ख. 2 कंटेनर प्रहस्तन और भंडारण पर व्यय (अनुसूची 14) ₹155.43 करोड़

उपर्युक्त में 30 जून 2023 से 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए तीन मोबाइल एक्स-रे कंटेनर स्कैनिंग (एमएक्ससीएस) प्रणालियों के अनुरक्षण प्रभार के रूप में ₹2 करोड़ की राशि शामिल नहीं है । देयता के लिए प्रावधान न किए जाने के परिणामस्वरूप वर्तमान देयता को कम करके दिखाया गया है और लाभ को ₹2 करोड़ से अधिक करके दिखाया गया है।

ख. 3 प्रचालन अधिशेष:

ख. 3.1 वर्तमान परिसंपत्तियाँ, ऋण और अग्रिम (अनुसूची 6)

ठेकेदारों को अग्रिम: ₹ 352.24 करोड़

आय और व्यय खाता

वित्त और विविध व्यय: ₹ 121 करोड़

उपर्युक्त में चौथी तिमाही यथा जनवरी 2024 से मार्च 2024 तक भुगतान किए गए स्कूल-संचालन से संबंधित व्यय का मूल्य ₹1.06 करोड़ शामिल नहीं है । तथापि, यह राशि 'ठेकेदार को अग्रिम' शीर्षक के तहत पार्टी अग्रिम के रूप में दिखाई गई थी।

इसके परिणामस्वरूप 'ठेकेदार को अग्रिम' को अधिक करके दिखाया गया, व्यय को कम करके दिखाया गया और लाभ को ₹1.06 करोड़ अधिक करके दिखाया गया।

ख. 3.2 वित्त और विविध व्यय: ₹ 121 करोड़

उपर्युक्त में तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन , निर्यातोन्मुखी कृषि प्रसंस्करण और भंडारण सुविधा के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का मूल्य ₹1.83 करोड़ शामिल है। व्यवहार्यता सह विस्तृत परियोजना रिपोर्ट दिसंबर 2023 में प्रस्तुत की गई थी और परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए व्यवहार्य पाया गया है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर ₹1.83 करोड़ का व्यय उपर्युक्त शीर्ष के तहत व्यय के रूप में दर्ज किया गया है, जिसे इसके बजाय प्रगतिरत पूंजीगत कार्य के तहत दर्ज किया जाना चाहिए। इसके परिणामस्वरूप, व्यय को ₹1.83 करोड़ अधिक करके, प्रगतिरत पूंजीगत कार्य को ₹1.83 करोड़ से कम करके और लाभ को ₹1.83 करोड़ कम करके दर्शाया गया है ।

ख. 3.3 पूर्व अवधि शुल्क: ₹5.27 करोड़

(i) उपर्युक्त में 2017-18 से 2022-23 की अवधि के लिए जेएनपीटी-नेटवेयर कंप्यूटर्स में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का मूल्यह्रास ₹2.01 करोड़ शामिल नहीं है । यह कार्य 11 दिसंबर 2017 को पूरा हो गया था और उक्त कार्य के निमित्त ₹3.65 करोड़ की राशि वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान पूंजीकृत की गई है। तथापि, ₹2.01 करोड़ का मूल्यह्रास पूर्व अवधि और ₹0.37 करोड़ का मूल्यह्रास वर्तमान वर्ष के व्यय पर प्रभारित करने के बजाय, इसने ₹2.38 करोड़ की मूल्यह्रास की संपूर्ण राशि वर्तमान वर्ष के व्यय पर प्रभारित की है। इसके परिणामस्वरूप पूर्व अवधि व्यय को कम करके दिखाया गया है और मूल्यह्रास व्यय को ₹2.01 करोड़ अधिक करके दिखाया गया है।

(ii) उपर्युक्त में 2020-21 से 2022-23 की अवधि के लिए उत्तरी गेट के पास फ्लाईओवर के निर्माण के लिए परियोजना कार्य का मूल्यह्रास ₹ 0.53 करोड़ शामिल नहीं है। यह कार्य 15 मार्च 2020 को पूरा हो गया और उक्त कार्य के निमित्त ₹ 7.17 करोड़ की राशि को वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान पूंजीकृत किया गया है। तथापि, पूर्व अवधि में ₹ 0.53 करोड़ और वर्तमान वर्ष के व्यय में ₹ 0.18 करोड़ का मूल्यह्रास प्रभारित करने के बजाय, इसने ₹ 0.71 करोड़ के मूल्यह्रास की पूरी राशि को वर्तमान वर्ष के व्यय के रूप में प्रभारित किया है। इसके परिणामस्वरूप पूर्व अवधि व्यय को कम करके और वर्तमान वर्ष के व्यय को ₹ 0.53 करोड़ अधिक करके दिखाया गया है।

(iii) उपरोक्त में ₹0.50 करोड़ शामिल नहीं हैं, जो 2021-2022 से 2022-23 की अवधि के लिए उत्तरी गेट परिसर (आर 7-आर 8 कंटेनर रोड) की ओर जाने वाली चौड़ी सड़क पर डामर से सरफेसिंग/ विकास परियोजना का मूल्यह्रास है । यह कार्य 24 नवंबर 2021 को पूरा हो गया और उक्त कार्य के विरुद्ध 13.19 करोड़ रुपये की राशि चालू वित्त वर्ष के दौरान पूंजीकृत की गई है । हालांकि, 0.50 करोड़ रुपये का मूल्यह्रास पूर्व अवधि में और ₹0.32 करोड़ का मूल्यह्रास चालू वर्ष के व्यय में लगाने के बजाय, इसने ₹0.82 करोड़ की पूरी राशि को चालू वर्ष के व्यय के रूप में लगाया है । इसके परिणामस्वरूप पूर्व अवधि के व्यय को कम करके दिखाया गया है और चालू वर्ष के व्यय को ₹0.50 करोड़ से अधिक दिखाया गया है।

(iv) उपरोक्त में ₹1.40 करोड़ की राशि शामिल नहीं है, जो एशिया इंडिया सबकॉन्टिनेंट (एआईएस) विंडो समझौते के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए लॉयल्टी बोनस की राशि है । इसके परिणामस्वरूप चालू वर्ष के व्यय को बढ़ाकर दिखाया गया है और पूर्व अवधि के शुल्कों को कम करके दिखाया गया है।

ग. सामान्य

बीओटी ठेकों से आय (अनुसूची – 12) : रु. 1,969.48 करोड़

उपर्युक्त में 6 बीओटी प्रचालकों से प्राप्त रु. 1,725.39 करोड़ का राजस्व हिस्सा/रॉयल्टी आय शामिल है । छूट प्राप्त कर्ता के साथ किए गए अनुज्ञप्ति करार के अनुसार छूट प्राप्त कर्ता को बीओटी प्रचालक के सकल राजस्व पर आधारित रायल्टी अनुज्ञप्ति प्रदाता को देनी होगी । छूट प्राप्त कर्ता को उसके सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा सम्यक रूप से प्रमाणित वित्तीय विवरण पत्तन को प्रस्तुत करना होगा । छूट प्राप्त कर्ताओं (एक को छोड़कर) के साथ किए गए छूट करार के अनुसार पत्तन के पास बीओटी प्रचालकों के राजस्व आदि की विशेष लेखापरीक्षा करने के लिए चार्टरित लेखाकारों की एक अन्य फर्म (अतिरिक्त लेखा परीक्षक) नियुक्त करने का विकल्प है । यदि अतिरिक्त लेखा परीक्षक द्वारा सूचित सकल राजस्व बीओटी प्रचालक द्वारा सूचित राजस्व से अधिक पाया जाता है तो दोनों लेखा परीक्षक इस अंतर का पता लगाकर उसका समायोजन करेंगे । और यदि वे ऐसा नहीं कर पाते हैं तो छूट प्राप्तकर्ता अतिरिक्त लेखा परीक्षक द्वारा बताए गए सकल राजस्व पर रॉयल्टी का भुगतान करेगा । छूट प्राप्त कर्ता अंतर की राशि पर एसबीआई पीएलआर पर 2 प्रतिशत अधिक दर पर ब्याज भी देगा । वर्ष 2019-20 की विशेष लेखा परीक्षा रिपोर्ट के अनुसार जीटीआईपीएल से रु.34.30 करोड़ की राशि अंतर के रूप में वसूल की जानी है।

वर्ष 2023-24 की विशेष लेखा परीक्षा को अंतिम रूप न दिए जाने के कारण लेखा परीक्षा वित्त वर्ष के दौरान दी गई रायल्टी की सत्यता को प्रमाणित करने में असमर्थ है।

साथ ही, अतिरिक्त लेखा परीक्षकों की नियुक्ति, बीओटी प्रचालकों के साथ छूट करार के अनुसार विशेष लेखा परीक्षा की स्थिति और बीओटी ठेकों से आय में अंतर को मान्यता देने के प्रावधानों को राजस्व मान्यता नीति में प्रकट किया जाना चाहिए । इसी प्रकार के प्रेक्षण के उत्तर में कहा गया था कि प्रमुख प्रावधानों का विवरण दिया जाएगा किन्तु कोई विवरण नहीं दिया गया।

लेखा परीक्षा द्वारा वर्ष 2016-17 से यह मामला उठाया जा रहा है।

घ सहायता अनुदान

पत्तन के पास कोई भी अप्रयुक्त प्रारंभिक अनुदान नहीं है तथा वित्तीय वर्ष के दौरान कोई नया अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है।

ङ प्रबंधन का पत्र

पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट में जिन कमियों को शामिल नहीं किया गया है, उन्हें उपचारात्मक/ सुधारात्मक कार्रवाई के लिए अलग से जारी प्रबंधन पत्र के माध्यम से पत्तन के ध्यान में लाया गया है।

i) पिछले पैराग्राफों में हमारी टिप्पणियों के अधीन, हम यह कहते हैं कि इस रिपोर्ट द्वारा प्रस्तुत

तुलन पत्र (बैलेंस शीट) और लाभ और हानि खाते लेखा पुस्तकों के अनुरूप हैं।

ii) हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उक्त वित्तीय विवरण लेखांकन नीतियों और लेखों पर टिप्पणियों के साथ पढ़े जाते हैं, और ऊपर बताए गए महत्वपूर्ण मामलों और इस लेखा परीक्षा रिपोर्ट के अनुलग्नक-I में उल्लिखित अन्य मामलों के अधीन हैं और भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सही और निष्पक्ष दृश्य देता है।

क) यह 31 मार्च 2024 तक के जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण के तुलन पत्र से संबंधित है; और

ख) यह उस तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ और हानि लेखों से संबंधित है।

iii) 31 मार्च 2024 को समाप्त तीन वर्षों के लिए जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण के सारांशित वित्तीय परिणामों को दर्शाने वाले खातों की समीक्षा अनुबंध-II में दी गई है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की तरफ से



(संदीप रॉय)

महानिदेशक लेखापरीक्षक (पोत परिवहन),

मुंबई

स्थान : मुंबई

दिनांक : 09 अक्तूबर, 2024

अनुबंध – I

1. आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली की पर्याप्तता

वर्ष 2023-24 के लिए प्राधिकरण की आंतरिक लेखापरीक्षा मैसर्स ए जोन्स मोरिस एंड कंपनी को सौंपी गई (23 फरवरी, 2024) थी । पहली, दूसरी और तीसरी तिमाही की आंतरिक लेखापरीक्षा पूरी हो चुकी है और चौथी तिमाही की प्रक्रिया जारी है।

2. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता

i जेएनपीए द्वारा प्रस्तुत 20 बैंक खातों के संबंध में 31 मार्च 2024 को बैंक समाधान विवरण में 1999 से समायोजन के लिए लंबित कई मदों को दर्शाया गया है, जो कमजोर आंतरिक नियंत्रण की ओर इशारा करता है । इसे 2017-18 से पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट के माध्यम से उजागर किया जा रहा है लेकिन पत्तन ने अभी तक उचित निवारात्मक कार्रवाई नहीं की है।

ii यूनियन बैंक और आईडीबीआई के बीआरएस में दो संदिग्ध प्रविष्टियाँ हैं । इन संदिग्ध हेड में मेसर्स इंटरओशन शिपिंग इंडिया से संबंधित ₹14.81 लाख और ₹17.84 लाख की दो प्रविष्टियाँ जनवरी 2019 से समाधान के लिए लंबित थीं । ये "बैंक द्वारा जमा की गई राशि लेकिन बैंक बुक में पहचानी नहीं गई" हेड के अंतर्गत हैं।

iii एंटवर्प पोर्ट ट्रेनिंग एंड कंसल्टेंसी फाउंडेशन (एपेक) के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक बैंक खाता अब जेएनपीए द्वारा इस्तेमाल नहीं किया जाता है क्योंकि एपेक अपना खुद का वित्तीय विवरण तैयार कर रहा है और उसका अलग बैंक खाता है । बीआरएस में ₹2.24 करोड़ की प्रविष्टियाँ थीं जो एपेक के साथ सुलह/निपटान के लिए लंबित हैं और 2016-2021 की अवधि से संबंधित हैं।

iv 31 मार्च 2024 तक विविध देनदारों और विविध लेनदारों से बकाया शेष राशि की पुष्टि पत्तन द्वारा प्राप्त नहीं की गई है (राजस्व कंटेनर टर्मिनल अनुभाग से दो पुष्टि पत्र) । उपर्युक्त के अभाव में, वित्तीय विवरणों में दिखाई देने वाले देनदारों और लेनदारों की राशि की सत्यता की पुष्टि लेखापरीक्षा द्वारा नहीं की जा सकी।

v संबंधित विभाग द्वारा वित्त विभाग को पूर्णता प्रमाण पत्र देरी से भेजे जाने के कारण परिसंपत्तियों के पूंजीकरण में देरी हो रही है।

3. नियत परिसम्पत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन

वर्ष 2023-24 के दौरान 2022-23 के लिए संपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन किया गया । केवल प यो वि, अस्पताल और अग्नि-समुद्री विभाग से संबंधित रिपोर्टें ही लेखापरीक्षा को प्रस्तुत की गईं । प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2022 -23 के लिए प्रत्यक्ष सत्यापन रिपोर्ट में संपत्तियों के बुक बैलेंस और भौतिक रूप से उपलब्ध संपत्तियों के बीच तुलना नहीं दिखाई गई । उपरोक्त रिपोर्ट के अभाव में, लेखा परीक्षा यह आकलन नहीं कर सकी कि कोई विसंगतियां हैं या नहीं । इसके अलावा, संपत्तियों को कोड करने की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि सत्यापित संपत्ति वही है जो संपत्ति रजिस्टर में उल्लिखित है ।

4. वस्तुसूची का प्रत्यक्ष सत्यापन

पत्तन ने 31 मार्च, 2024 तक की वस्तुसूची का प्रत्यक्ष सत्यापन किया है।

5. सांविधिक देय राशि के भुगतान में नियमितता

पत्तन ने निर्विवाद सांविधिक देय राशियों का भुगतान नियिमत रूप से किया है ।

उप निदेशक

स्थल : मुंबई

दिनांक : 09 अक्टूबर, 2024

अनुबंध - II

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जेएनपीए के 31 मार्च 2024 को समाप्त पिछले तीन वर्षों के लेखों की समीक्षा।

(लेखों की समीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट में निहित लेखापरीक्षा अवलोकन/टिप्पणियों को ध्यान में रखे बिना तैयार की गई है।)

वित्तीय स्थिति :

31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले तीन वर्षों में मुख्य शीर्षों के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति इस प्रकार रही :

(करोड़ रुपयों में)

विवरण	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
(क) देयताऐं			
पूंजी आरक्षित	3,608.32	3,609.44	3,609.66
अन्य आरक्षित	8,617.36	9,713.87	11,002.96
ऋण	2,008.07	1,703.38	0.00
आस्थगित कर देयताऐं	347.14	433.09	515.28
वर्तमान देयताऐं तथा प्रावधान	6,463.82	7,409.43	8,346.18
योग	**21,044.71**	**22,869.21**	**23,474.08**
(ख) परिसम्पत्तियाँ			
निवल नियत परिसम्पत्तियाँ	3,857.55	4,368.93	5,404.45
चालू कार्य	3,244.00	3,325.23	2,776.76
निवेश	611.95	685.86	596.78
वर्तमान परिसम्पत्तियाँ तथा ऋण और अग्रिम	13,008.96	14,096.11	14,296.69
आस्थगित कर परिसम्पत्ति	243.2	316.15	324.6
अन्य परिसम्पत्तियाँ / विविध व्यय	-	-	
नि.प्र.ह. प्रचालक को हस्तांतरित शेड	26.1	23.98	21.85
दुर्घटना में नष्ट आरएमक्यूसी	52.95	52.95	52.95
वि. स्वै. से. नि. योजना व्यय			
योग	**21,044.71**	**22869.21**	**23,474.08**
कार्यचालन पूंजी *	6,545.14	6,686.69	5,950.51
निवल मूल्य **	12,225.68	13,323.32	14,612.62
नियोजित पूंजी***	10,402.69	11,055.62	11,354.96
नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ ****	7.74%	9.93%	11.86%
निवल अधिशेष (विनियोजन के पहले)	805.41	1097.88	1346.55
नियोजित पूंजी (चालू कार्य सहित)	13,646.68	14,380.85	14,131.72
नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ (चालू कार्य सहित)	5.90%	7.63%	9.53%

* कार्यचालन पूंजी वर्तमान परिसम्पत्तियों में से वर्तमान देयताओं को घटाकर निकाली गई राशि को दिखाती है।

** निवल मूल्य पूंजी आरक्षित और अन्य आरक्षित तथा अधिशेष/घाटा को दिखाता है ।

*** नियोजित पूंजी निवल नियत परिसम्पत्तियों तथा कार्यचालन पूंजी को दिखाती है।

**** नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ नियोजित पूंजी पर कुल अधिशेष (विनियोजन से पहले) के प्रतिशत को दिखाता है ।

2.कार्यचालन परिणाम :-

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण के 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले तीन वर्षों के कार्यचालन परिणाम सारांश रूप से नीचे दिए जा रहे हैं :

विवरण			(करोड़ रुपयों में
	2021-22	**2022-23**	**2023-24**
राजस्व			
(i) प्रचालन आय	2,186.61	2546.23	2722.28
(ii) गैर-प्रचालन आय	290.4	325.48	426.9
योग	**2,477.01**	**2871.71**	**3149.18**
व्यय			
(i) प्रचालन व्यय	1,211.59	1209.68	958.33
(ii) गैर-प्रचालन व्यय	200.24	94.03	121.01
योग	**1,411.83**	**1303.71**	**1,079.34**
असाधारण मदें	215.92	13.29	43.17
पूर्व अवधि प्रभार	0.04	-23.42	5.27
कर से पहले निवल अधिशेष / (घाटा)	**1,065.14**	**1578.14**	**2,021.40**
घटाएँ : कर के लिए प्रावधान	301.07	467.29	601.23
जोड़ें / घटाएँ : आस्थगित कर देयता/ परिसम्पत्तियाँ	-41.19	13.00	73.74
जोड़ें : कल्याण निधि से आहरण	0.09	0.04	0.12
आधारिक संरचना आरक्षित निधि से आहरण	-	-	-
विनियोजन से पहले निवल अधिशेष / (घाटा)	**589.42**	**1097.88**	**1,346.55**
घटाएँ : आज्ञापक विनियोजन, आरक्षित निधियों में स्थानांतरण आदि	266.33	263.63	316.18
सामान्य आरक्षित निधि में स्थानांतरित अधिशेष/ घाटा	323.09	834.25	1,030.36
निवल अधिशेष/घाटे का प्रतिशत :			
(i) प्रचालन आय से	36.83	43.12	49.46
(ii) निवल नियत परिसम्पत्तियों से	20.88	25.13	24.92
(iii) निवल मूल्य से	6.59	8.24	9.21

3. अनुपात विश्लेषण (परिसमापनता एवं ऋण शोधन क्षमता)

पत्तन प्राधिकरण की परिसमापनता तथा ऋण शोधन क्षमता एवं वित्तीय स्थिति के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण अनुपातों को नीचे दिखाया गया है :

विवरण		**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
क	वर्तमान देनदारियों (प्रावधानों सहित) से वर्तमान परिसंपत्तियों का प्रतिशत	201.26%	190.25%	171.30%
ख	वर्तमान देनदारियों से शीघ्र परिसंपत्ति का प्रतिशत	234.09%	208.28%	240.80%
ग	प्रचालन आय से विविध देनदारों का प्रतिशत	35.97%	31.05%	28.75%
घ	पूंजी आरक्षित और सामान्य आरक्षित से ऋण का प्रतिशत	22.05%	30.35%	0.00%
ड	कर पूर्व लाभ का प्रतिशत :			
	क) निवल मूल्य से	8.71%	11.84%	13.83%
	ख) नियोजित पूंजी से	10.24%	7.68%	14.30%
	ग) प्रचालन आय से	48.72%	61.98%	74.25%

उप निदेशक

स्थल : मुंबई

दिनांक : 09 अक्टूबर, 2024

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण, मुंबई के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट के संबंध में पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई टिप्पणियां

मद सं.	विवरण	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई रिपोर्ट
क. क.1 (i)	**तुलन-पत्र** **निधियों की प्रयोज्यता** **नियत परिसंपत्तियां** **चल रहे पूंजी कार्य- ₹2777.76 करोड़ (अनुसूची-3)** उपर्युक्त में ड्राइव थ्रू कंटेनर स्कैनर (DTCS) का मूल्य ₹5.01 करोड़ शामिल है। संतोषजनक परीक्षण के बाद, स्कैनर को 21 जनवरी 2023 को चालू किया गया, तथापि, इसे लेखा-बही में पूंजीकृत नहीं किया गया। पूर्ण किए गए कार्य का पूंजीकरण न किए जाने के परिणामस्वरूप सकल नियत परिसंपत्तियों को कम करके दिखाया गया है और चल रहे पूंजीगत कार्य को ₹5.01 करोड़ अधिक करके दिखाया गया है और मूल्यह्रास को भी कम करके दिखाया गया है और लाभ को ₹0.50 करोड़ अधिक करके दिखाया गया है ।	5.01 करोड़ रुपये की राशि गलत सेवा-प्रविष्टि-पत्रक के कारण है, जिसे वित्त वर्ष 2024-25 में पहले ही ठीक कर दिया गया है ।
(ii)	उपर्युक्त में आरएफआईडी आधारित गेट ऑटो मोशन सिस्टम के डिजाइन, विकास, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण, कमीशनिंग और अनुरक्षण का मूल्य ₹1.87 करोड़ शामिल है, जिसमें ऑनसाइट समर्थन और वार्षिक अनुरक्षण संविदा (ए.एम.सी.) के लिए ₹0.50 करोड़ शामिल हैं । यह कार्य 25 अगस्त 2016 को सौंपा गया था और अंतिम स्वीकृति प्रमाणपत्र 17 अप्रैल 2019 को जारी किया गया था। उक्त कार्य का कुछ हिस्सा 2019-20 में पूंजीकृत किया गया था, तथापि, ₹1.37 करोड़ की राशि अभी भी पूंजीकृत की जानी है। पूर्ण हो चुके कार्यों का पूंजीकरण न करने तथा ऑनसाइट एवं वार्षिक अनुरक्षण संविदा (ए.एम.सी.) प्रभार न लगाने के परिणामस्वरूप सकल नियत परिसंपत्तियों को ₹1.37 करोड़ कम करके दर्शाया गया है, चल रहे पूंजीगत कार्य को ₹1.87 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है, व्यय को ₹0.50 करोड़ कम करके दर्शाया गया है, मूल्यह्रास को ₹0.98 करोड़ कम करके दर्शाया गया है तथा लाभ को ₹1.48 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है।	एसएपी परियोजना/डब्ल्यूबीएस की जांच करने पर यह पता चला कि लगभग 1.37 करोड़ रुपये पूंजीगत कार्य के लिए हैं, जिसे दस्तावेज संख्या 2401003594, 2401003593 के माध्यम से पूंजीकृत किया गया है और 0.50 करोड़ रुपये ऑनसाइट समर्थन और वार्षिक अनुरक्षण संविदा (ए.एम.सी.) के लिए हैं, जिसे दस्तावेज संख्या 2401003580 और 2401003581 के माध्यम से वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व में स्थानांतरित कर दिया गया है ।

मद सं.	विवरण	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई रिपोर्ट
(iii)	उपर्युक्त में चिकेन रोड निर्माण का मूल्य ₹3.51 करोड़ शामिल है । चूंकि टर्मिनल को जोड़ने वाला मुख्य राजमार्ग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन था, इसलिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के भागीदार ने वाहनों द्वारा टर्मिनल तक पहुँच बनाने के लिए अस्थायी सड़क (चिकाना रोड) का निर्माण किया । मई 2018 में, जब घाट को जोड़ने वाली मुख्य सड़क चालू हो गई, तो सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के भागीदार द्वारा बनाई गई अस्थायी सड़क की वाहनों के आवागमन के लिए ज़रूरत नहीं थी । जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण ने अप्रैल 2023 में सड़क की लागत यथा ₹3.51 करोड़ की प्रतिपूर्ति की। चूंकि सड़क अस्थायी आधार पर तैयार की गई थी और अब इस्तेमाल के लायक नहीं थी, इसलिए राशि को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए था। इसके परिणामस्वरूप, चल रहे पूंजीगत कार्य और लाभ को ₹3.51 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है।	3.51 करोड़ रुपये राजस्व व्यय से संबंधित हैं और तदनुसार दस्तावेज़ संख्या 2401003579 और 2401003584 के माध्यम से वित्त वर्ष 2024-25 में प्रविष्टि पारित की गई है ।
(iv)	उपर्युक्त में करलफाटा इंटरचेंज के निर्माण और जेएनपीए के चौथे टर्मिनल (चरण II) से संयोजकता (कनेक्टिविटी) का मूल्य ₹67.47 करोड़ शामिल है । यह कार्य 30 जून 2021 को पूरा हुआ । पत्तन ने इसका पूंजीकरण नहीं किया है। पत्तन की लेखा-नीति संख्या 2(डी) के अनुसार, परिसंपत्तियों का पूंजीकरण केवल परियोजना के कार्यान्वयन की देख-रेख करने वाले विभाग से कार्य-समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त होने या परिसंपत्तियों की खरीद पर ही किया जाता है । लेखापरीक्षा ने पाया कि केवल कार्य-समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर परिसंपत्तियों को मान्यता देने की महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संख्या 2(डी) लेखांकन मानक 10 के अनुरूप नहीं है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु की लागत को मान्यता दी जानी चाहिए यदि यह संभावना है कि वस्तु से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ उद्यम में प्रवाहित होंगे और वस्तु की लागत को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है । लेखांकन मानक यह भी निर्दिष्ट करता है कि किसी परिसंपत्ति का मूल्यह्रास तब शुरू होता है जब वह उपयोग के लिए उपलब्ध होती है, यथा, जब वह प्रबंधन द्वारा इच्छित तरीके से प्रचालन करने में सक्षम होने के लिए आवश्यक स्थान और स्थिति में होती है ।	वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक खातों को अंतिम रूप दिए जाने तक " करलफाटा इंटरचेंज और जेएनपीए के चौथे टर्मिनल (चरण II) से संयोजकता (कनेक्टिविटी) " के लिए कार्य-समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुआ था। पत्तन ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों की अनुसूची 24 के " नियत परिसंपत्ति " शीर्षक वाले बिंदु संख्या 2 (डी) में यह भी खुलासा किया है कि, "परिसंपत्तियों को केवल परियोजना के कार्यान्वयन या परिसंपत्ति की खरीद की देखरेख करने वाले विभाग से कार्य-समापन प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर ही पूंजीकृत किया जाता है"। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, पत्तन ने अपनी पूर्वोक्त लेखांकन नीति पर विचार करते हुए परियोजना व्यय को सही ढंग से पूंजीकृत नहीं किया है।

मद सं.	विवरण	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई रिपोर्ट
(iv)	पूर्ण हो चुके कार्यों का पूंजीकरण न करने के परिणामस्वरूप, सकल नियत परिसंपत्तियों को ₹67.47 करोड़ कम करके दर्शाया गया है, चल रहे पूंजीगत कार्य को ₹67.47 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है, पूर्व-अवधि प्रभारों को ₹3.38 करोड़ कम करके दर्शाया गया है, मूल्यह्रास को ₹1.69 करोड़ कम करके दर्शाया गया है तथा लाभ को ₹5.07 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है ।	लेखा मानक 10 के अनुरूप न होने के कारण, केवल कार्य-समापन प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर परिसंपत्तियों को मान्यता देने संबंधी महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संख्या 2 (डी) के लेखापरीक्षा प्रेक्षणों के संदर्भ में, जेएनपीए ने वित्त वर्ष 2023-24 के वार्षिक लेखो का हिस्सा बनने वाले लेखो पर टिप्पणियों के बिंदु संख्या 33 में पहले ही कहा है कि वार्षिक लेखे पहले के प्रारूप में तैयार किए जाते हैं जैसा कि बिलिमोरिया रिपोर्ट द्वारा अनुशंसित किया गया है क्योंकि महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 के तहत वार्षिक लेखो के लिए संशोधित प्रारूप भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के कार्यालय के परामर्श से मंत्रालय द्वारा अभी तक जारी नहीं किया गया है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए लेखांकन मानकों को महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 के तहत अनिवार्य कर दिया गया है और वार्षिक लेखो के लिए संशोधित प्रारूप प्राप्त होने पर महापत्तनों द्वारा इसका पालन किया जाएगा। नए प्रारूप की प्राप्ति तक, पत्तन कार्य-समापन प्रमाणपत्र नीति प्राप्त होने पर परिसंपत्तियों के पूंजीकरण सहित लेखांकन प्रथाओं का पालन करेगा, जिसका पालन शुरू से ही किया जाता रहा है और बिलिमोरिया रिपोर्ट के अनुसार जिसके तहत वर्तमान वार्षिक लेखे तैयार किए गए हैं। इस प्रकार, सकल नियत परिसंपत्तियों को ₹67.47 करोड़ कम करके नहीं दर्शाया गया है, प्रगतिरत पूंजीगत कार्य को ₹67.47 करोड़ अधिक करके नहीं दर्शाया गया है, पूर्व अवधि प्रभारों को ₹3.38 करोड़ कम करके नहीं दर्शाया गया है, मूल्यह्रास को ₹1.69 करोड़ कम करके नहीं दर्शाया गया है तथा लाभ को ₹5.07 करोड़ अधिक करके नहीं दर्शाया गया है।
(v)	उपर्युक्त में तटीय घाट के लिए चैनल के नौवहन क्षेत्र को गहरा करने का मूल्य ₹47.47 करोड़ शामिल है। यह कार्य मई 2022 में पूरा हुआ और मई 2023 में उपयोग के लिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र सहभागिता प्रचालक (पीपीपी ऑपरेटर) को सौंप दिया गया। पत्तन ने इसे पूंजीकृत नहीं किया है। पत्तन की लेखा-नीति संख्या 2(डी) के अनुसार, परिसंपत्तियों का पूंजीकरण केवल परियोजना के कार्यान्वयन की देख-रेख करने वाले विभाग से कार्य-समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त होने या परिसंपत्तियों की खरीद पर ही किया जाता है।	तटीय घाट के लिए चैनल के नौवहन क्षेत्र को गहरा करना' उक्त के लिए कार्य-समापन प्रमाणपत्र वित्त वर्ष 2023-24 के वार्षिक लेखों को अंतिम रूप दिए जाने तक जारी नहीं किया गया था। पत्तन ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों की अनुसूची 24 के " नियत परिसंपत्ति " शीर्षक वाले बिंदु संख्या 2 (डी) में यह भी खुलासा किया है कि, "परिसंपत्तियों को केवल परियोजना के कार्यान्वयन या परिसंपत्ति की खरीद की देखरेख करने वाले विभाग से कार्य-समापन प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर ही पूंजीकृत किया जाता है"।

मद सं.	विवरण	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई रिपोर्ट
(v)	लेखापरीक्षा ने पाया कि केवल कार्य-समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर परिसंपत्तियों को मान्यता देने की महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संख्या 2(डी) लेखांकन मानक 10 के अनुरूप नहीं है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु की लागत को मान्यता दी जानी चाहिए यदि यह संभावना है कि वस्तु से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ उद्यम में प्रवाहित होंगे और वस्तु की लागत को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है। लेखांकन मानक यह भी निर्दिष्ट करता है कि किसी परिसंपत्ति का मूल्यह्रास तब शुरू होता है जब वह उपयोग के लिए उपलब्ध होती है, यथा, जब वह प्रबंधन द्वारा इच्छित तरीके से प्रचालन करने में सक्षम होने के लिए आवश्यक स्थान और स्थिति में होती है। इस प्रकार, पूर्ण हो चुके कार्य का पूंजीकरण न करने के परिणामस्वरूप सकल नियत परिसंपत्तियों को कम करके दर्शाया गया है, चल रहे पूंजीगत कार्य को ₹47.47 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है, मूल्यह्रास को कम करके दर्शाया गया है तथा लाभ को ₹0.47 करोड़ अधिक करके दर्शाया गया है।	लेखा मानक 10 के अनुरूप न होने के कारण, केवल कार्य-समापन प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर परिसंपत्तियों को मान्यता देने संबंधी महत्वपूर्ण लेखांकन नीति संख्या 2 (डी) के लेखापरीक्षा प्रेक्षणों के संदर्भ में, जेएनपीए ने वित्त वर्ष 2023-24 के वार्षिक लेखो का हिस्सा बनने वाले लेखो पर टिप्पणियों के बिंदु संख्या 33 में पहले ही कहा है कि वार्षिक लेखे पहले के प्रारूप में तैयार किए जाते हैं जैसा कि बिलिमोरिया रिपोर्ट द्वारा अनुशंसित किया गया है क्योंकि महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 के तहत वार्षिक लेखो के लिए संशोधित प्रारूप भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के कार्यालय के परामर्श से मंत्रालय द्वारा अभी तक जारी नहीं किया गया है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए लेखांकन मानकों को महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 के तहत अनिवार्य कर दिया गया है और वार्षिक लेखो के लिए संशोधित प्रारूप प्राप्त होने पर महापत्तनों द्वारा इसका पालन किया जाएगा। नए प्रारूप की प्राप्ति तक, पत्तन कार्य-समापन प्रमाणपत्र नीति प्राप्त होने पर परिसंपत्तियों के पूंजीकरण सहित लेखांकन प्रथाओं का पालन करेगा, जिसका पालन शुरू से ही किया जाता रहा है और बिलिमोरिया रिपोर्ट के अनुसार जिसके तहत वर्तमान वार्षिक लेखे तैयार किए गए हैं । उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, पत्तन ने अपनी पूर्वोक्त लेखांकन नीति पर विचार करते हुए परियोजना व्यय को सही ढंग से पूंजीकृत नहीं किया है। इस प्रकार, प्रगतिरत पूंजीगत कार्य को 47.47 करोड़ रुपये अधिक करके नहीं दर्शाया गया है, नियत परिसंपत्ति को 47.47 करोड़ रुपये कम करके नहीं दर्शाया गया है, वर्तमान वर्ष के लिए मूल्यह्रास को 0.47 करोड़ रुपये कम करके नहीं दर्शाया गया है , वर्तमान वर्ष के लिये लाभ को 0.47 करोड़ रुपये अधिक करके नहीं दर्शाया गया है । तथापि, अब कार्य-समापन प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है और 45.07 करोड़ रुपये की सीमा तक की संपत्ति को पहले ही वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान दस्तावेज संख्या 2401003597 और 2401003598 के माध्यम से पूंजीकृत किया जा चुका है।

मद सं.	विवरण	पत्तन का उत्तर/कृत कार्रवाई रिपोर्ट
